हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### नगर निगम वार्ड

| नगर निगम | कुल | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 70 | 60 | 07 | 03 |
| दुर्ग | 60 | 43 | 11 | 06 |
| राजनांदगांव | 51 | 39 | 09 | 03 |
| धमतरी | 40 | 27 | 08 | 05 |
| जगदलपुर | 48 | 30 | 16 | 02 |
| रायगढ़ | 48 | 34 | 12 | 02 |
| चिरमिरी | 40 | 27 | 11 | 02 |
| बिलासपुर | 70 | 49 | 18 | 03 |
| अंबिकापुर | 48 | 31 | 15 | 02 |
| कोरबा | 67 | 45 | 11 | 11 |

### नगर पालिका

| | कुल | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| नगर पालिका | 49 | 35 | 08 | 06 |
| नगर पंचायत | 114 | 81 | 22 | 11 |

छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

पार्लियामेंट से पंचायत तक भाजपा ही भाजपा

# पहले विधानसभा में जीत... लोकसभा की 11 में से 10 सीटों पर विजय, अब... निगम, पालिका और नगर पंचायतों में परचम



| नगर निगम | भाजपा प्रत्याशी | मत | कांग्रेस/अन्य प्रत्याशी | मत | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | मीनल चौबे (भाजपा) | 3,15,835 | दीप्ति दुबे (कांग्रेस) | 1,62,545 | 1,53,290 |
| जगदलपुर | संजय पांडे (भाजपा) | 38,038 | मलकीत सिंह गैंदू (कांग्रेस) | 29,276 | 8,762 |
| रायगढ़ | जीवर्धन चौहान (भाजपा) | 56,311 | जानकी काटजू (कांग्रेस) | 21,946 | 34,365 |
| राजनांदगांव | मधुसूदन यादव (भाजपा) | 68,551 | निखिल द्विवेदी (कांग्रेस) | 24,096 | 44,455 |
| कोरबा | संजू देवी राजपूत (भाजपा) | 93,581 | उषा तिवारी (कांग्रेस) | 45,471 | 48,110 |
| बिलासपुर | पूजा विधानी (भाजपा) | 1,52,011 | प्रमोद नायक (कांग्रेस) | 85,944 | 66,067 |
| अंबिकापुर | मंजूषा भगत (भाजपा) | 42,836 | अजय तिर्की (कांग्रेस) | 31,773 | 11,063 |
| दुर्ग | अलका बाघमार (भाजपा) | 1,07,642 | प्रेमलता पोषण साहू (कांग्रेस) | 40,347 | 67,295 |
| चिरमिरी | रामनरेश राय (भाजपा) | 18,891 | विनय जायसवाल (कांग्रेस) | 13,199 | 5,692 |
| धमतरी | रामू रोहरा (भाजपा) | 38,665 | आशीष रात्रे (बसपा) | 4,580 | 34085 |

## किसने क्या कहा...

### डबल इंजन सरकार की जन हितैषी योजनाओं पर विश्वास की जीत

**जेपी नड्डा**



निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और भाजपा छत्तीसगढ़ के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूं। यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल-इंजन सरकार द्वारा क्रियान्वित हो रहीं जन-कल्याणकारी व जनजातीय-हितैषी योजनाओं पर प्रदेशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

### ऐतिहासिक सफलता मिली करेंगे सारे वादे पूरे

**साय बोले**



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, आज का दिन स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा। भाजपा को नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक सफलता मिली है। प्रदेश की जनता ने भाजपा पर भरोसा किया है। पीएम मोदी पर और गारंटी पर विश्वास किया है। जनता ने हमारी सरकार के 13 महीने के कार्यों पर विश्वास किया है। निकायों में भाजपा को जनादेश देने के लिए जनता को धन्यवाद। ▶▶शेष पेज 6 पर

### पहले ही किया था दावा

**साय बोले**



भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि हमने चुनाव घोषणा के समय ही दावा किया था कि एक साल में साय सरकार के सुशासन और भाजपा संगठन के समर्पण के बूते पार्लियामेंट से पंचायत तक कमल खिलेगा।

### जनता ने विकास का मार्ग चुना

**किरण देव**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, प्रदेश तेजी से विकास के नित-नए आयाम गढ़ रहा है। निकाय क्षेत्रों की जनता ने एक बार फिर कांग्रेस को पूरी तरह खारिज कर दिया है। भाजपा की ऐतिहासिक जीत को विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प की जीत निरूपित करते हुए श्री देव ने कह, प्रदेश की जनता ने कांग्रेस रूपी अभिशाप से मुक्त होकर विकास का मार्ग चुना है। श्री देव ने कहा, भाजपा नगरीय निकायों में विकास कार्यों को गति देकर मूलभूत सुविधाएं जुटाने के अपने संकल्पों को पूरा करने पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी।

### भाजपा ने चुनाव में सत्ताबल धनबल का दुरुपयोग किया

**दीपक बैज**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आए। जनादेश शिरोधार्य है। कांग्रेस पार्टी ने पूरी ताकत और एक जुटता से चुनाव लड़ा। हमारे सभी वरिष्ठ नेता चुनाव अभियान का प्रमुख हिस्सा थे। कांग्रेस ने पूरे चुनाव में अपने सिद्धांतों पर समझौता नहीं किया। भाजपा ने चुनाव में सत्ताबल, धनबल का दुरुपयोग किया। जनता को प्रभावित करने शराब बांटी गई।

# कमल का 'कमाल' कांग्रेस हुई 'बेहाल'

नगरीय निकाय के चुनाव परिणाम आ गए। परिणाम बेहद चौंकाने वाले रहे। भाजपा के लिए भी और कांग्रेस के लिए भी। भाजपा के लिए इसलिए क्योंकि सभी दस की दस नगर निगमों में शानदार तरीके से सत्ता पर काबिज हो गई। कांग्रेस इसलिए क्योकि...उसका सूपड़ा साफ हो गया। जिन नगर निगमों में एकछत्र राज था...वहां भी कांग्रेस धराशायी हो गई। कांग्रेस के दिग्गज अपने गढ़ भी नहीं बचा पाए। भाजपा के कमल छाप कमाल दिखा...कांग्रेस बेहाल नजर आई। भाजपा का नारा सार्थक हो गया...अब उसकी पार्लियामेंट से पंचायत तक सत्ता है, क्योंकि नगर पंचायतों में भी भाजपा ने झंडे गाढ़ दिए हैं।

## साय सरकार ने पास की चुनाव की 'परीक्षा'

## ननि, नपा और नपं में भी भाजपा

- भाजपा ने किया कांग्रेस का सूपड़ा साफ
- भाजपा ने दिखाया दस का दम, कांग्रेस बेदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सुबह 9 बजे से नतीजे आने शुरू हुए। प्रारंभ से ही सभी निगमों में भाजपा प्रत्याशियों ने बढ़त बनाई जो अंत तक कायम रही। सबसे बड़ी जीत भाजपा को राजधानी रायपुर से मिली। यहां पर मीनल चौबे ने रिकार्ड डेढ़ लाख से ज्यादा मतों से कांग्रेस प्रत्याशी को पटखनी दी। सबसे कम मतों से चिरमिरी में जीत मिली। यहां से रामनरेश राय कांग्रेस के विजय जायसवाल से महज 5692 मतों से जीते। नगर निगमों के साथ ही भाजपा को 35 नगर पालिकाओं और 81 नगर पंचायतों में भी बड़ी जीत मिली।

प्रदेश में 11 फरवरी को नगरीय निकाय चुनाव में हुए मतदान के बाद शनिवार को मतों की गिनती सुबह को 8 बजे से प्रारंभ हुई। सबसे पहले डाक मत पत्रों की गिनती के बाद करीब 9 बजे से ईवीएम मशीनों से गिनती का काम प्रारंभ किया गया। डाक मत पत्रों की गिनती में एक मात्र अंबिकापुर में कांग्रेस को बढ़त मिली, लेकिन जैसे ही ईवीएम मशीनों से गिनती प्रारंभ हुई तो अंबिकापुर से भी भाजपा को बढ़त मिल गई। इसके बाद हर नगर निगम में भाजपा के प्रत्याशियों की बढ़त ही रही। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सबसे बड़ी जीत मीनल और छोटी रामनरेश की

नगर निगमों के चुनाव में सबसे बड़ी जीत राजधानी रायपुर के नगर निगम से मीनल चौबे को मिली। उनको 1 लाख 53 हजार 290 मतों से जीत मिली। मीनल चौबे को 3 लाख 15 हजार 835 मत मिले, वहीं कांग्रेस की दीप्ति दुबे को 1 लाख 62 हजार 545 मत मिले। इसी के साथ सबसे कम 5692 मतों से चिरमिरी के भाजपा प्रत्याशी रामनरेश राय जीते। चिरमिरी में भी कांटे का मुकाबला माना गया था, यहां पर वैसा ही मुकाबला देखने को मिला।






## नगर पंचायतों में भी लहराया परचम




नगर निगम में भाजपा ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ किया। परिषदों में भी कमल खिलाया। वहीं नगर पंचायतों में भी भाजपा ने परचम लहराया है। 114 नगर पंचायत में अध्यक्षों के लिए चुनाव हुए। भाजपा ने 114 में से 81 जगहों पर कब्जा कर लिया। कांग्रेस को मात्र 22 जगहों पर ही सफलता मिल पाई। वहीं बहुजन समाज पार्टी को एक सीट में जीत मिली है। निर्दलियों ने 10 स्थानों पर भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों को हराकर चुनाव जीता है। भाजपा ने प्रतिष्ठित समझी जाने वाली नगर पंचायतों में भी विजय हासिल की है। कांग्रेस के दिग्गजों वाले प्रभाव वाली पंचायतों में भी भाजपा ने जीत हासिल की है।

### निगम में भाजपा की जीत के 3 कारण...

## कांग्रेस में समन्वय की कमी भाजपा का मजबूत संगठन और वादों को पूरा करना

नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत और कांग्रेस का सूफड़ा साफ हो गया। चुनाव में ऐतिहासिक परिणाम के पीछे के कारणों को देखें, तो पता चलता है कि जनता ने जिस तरह से विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भाजपा को पसंद किया था, नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को एक बार फिर प्रचंड मतों से विजयी बनाकर उसके प्रति फिर से अपना समर्थन व्यक्त किया है। पूरे चुनाव को देखें, तो तीन कारणों से यह परिणाम भाजपा के पक्ष में रहा।

**पहला बड़ा कारण** यह दिखा कि कांग्रेस संगठन और वरिष्ठ नेताओं के बीच समन्वय की भारी कमी दिखी। दिग्गज नेताओं के ऐसे बयान आए जिन्होंने आपस में ही खींचतान को जाहिर कर दिया। जाहिर है इसका असर कार्यकर्ताओं और चुनाव पर पड़ा। इसके उलट देखें, भाजपा नेताओं के बीच समन्वय के कारण निकायों में चुनाव को सरलता से अंजाम दिया गया। कांग्रेस अपने विद्रोहियों को संतुष्ट करने में असफल रही। भाजपा में कहीं-कहीं विद्रोह के स्वर दिखे, जिसे आसानी से सुलझा लिया गया। दोनों पार्टियो के संगठन में यह फर्क नतीजों में दिख रहा है।

**एक्सपर्ट व्यू**



सुशील त्रिवेदी, पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त

**दूसरा कारण...** पिछले दो चुनावों में भाजपा के घोषणा पत्र के वादों को पूरा करने की धारणा के कारण भी भाजपा की प्रचंड जीत के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा ने अपने प्रचार में यह बताने की कोशिश की कि हम जो वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। महतारी वंदन इस चुनाव में भी ट्रंप कार्ड रहा है। भाजपा सरकार एक के बाद एक, अपने वादे पूरा कर रही है। इसकी वजह से कांग्रेस को जनता के बीच सरकार विरोधी माहौल बनाने में सफलता नहीं मिल पाई।

**तीसरा कारण...** भाजपा का संगठन अब बेहद मजबूत हो गया है। दिल्ली से पंचायत तक भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की मॉनीटरिंग करने में समक्ष है। निकाय चुनावों में भाजपा प्रचार में कांग्रेस से काफी आगे रही। प्रचार का सक्षम तंत्र भाजपा ने विकसित किया, वैसा कांग्रेस नहीं कर पाई। वहीं चुनाव में खर्च करने में भाजपा काफी आगे रही, कांग्रेस उसके मुकाबले काफी पीछे दिखाई दी। पूरे चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने नेताओं को मोर्चे पर प्रचार के लिए तैनात किया, जो चुनाव के अंत तक अपने क्षेत्र में जुटे रहे। कांग्रेस में यह कमी देखने को मिली।

### कांग्रेस के 70 में से महज 7 प्रत्याशी ही पार्षद का चुनाव जीत पाए

## रायपुर के इतिहास में कांग्रेस का सबसे खराब प्रदर्शन

रायपुर नगर निगम के चुनाव में कांग्रेस प्रचार में कमतर दिख रही थी। संगठन स्तर पर भी कांग्रेस के महापौर और पार्षद प्रत्याशी अपने-अपने स्तर पर जूझते नजर आ रहे थे। इसके बावजूद कांग्रेस मुकाबले में दिख रही थी। कम से कम पार्षद स्तर पर कांग्रेस टक्कर देती नजर आई। लेकिन नतीजों ने चौंका दिया। रायपुर के इतिहास में कांग्रेस पार्टी का इस चुनाव में सबसे खराब प्रदर्शन रहा। कांग्रेस पार्टी 70 में से महज 7 प्रत्याशी ही पार्षद का चुनाव जीत पाए, जबकि भारतीय जनता पार्टी से 60 प्रत्याशियों ने डंका बजाकर पार्षद पद का चुनाव जीता। खास बात ये रही कि निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर पार्षद पद



का चुनाव भी हार गये। वहीं उनके परिषद के आधा दर्जन एमआईसी सदस्यों को हार का मुंह देखना पड़ा। इनमें वरिष्ठ पार्षद व पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सतनाम पनाग, कांग्रेस से टिकट न मिलने पर बागी के रूप में आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ने वाले निवृत्तमान एमआईसी सदस्य समीर अख्तर, सहदेव व्यवहार चुनाव हार गये। नगर निगम रायपुर में लगातार 3 बार शहर की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस को इस बार के निगम चुनाव में मुंह की खानी पड़ी। पहली बार ऐसा हुआ जब नगर निगम के 70 वार्ड में से महज 7 वार्ड में ही कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव जीत पाये, जबकि 60 वार्डो में भाजपा प्रत्याशी चुनाव जीतकर पार्षद के पद पर काबिज हुये। निर्दलीय के खाते में 3 सीटें आयीं। इनमें से एक निर्दलीय कांग्रेस से बागी हुये पूर्व एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी हैं, जिन्होंने पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड से पार्षद पद का टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा।



## पालिका में भाजपा 49 में 35 सीट जीती, कांग्रेस 8 पर सिमटी, एक सीट आप को, पांच निर्दलीय

### नगर पंचायतों में भी भाजपा का डंका, 114 में 81 सीटों पर जीत

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के चुनाव में भाजपा जहां नगर निगमों में एकतरफा जीत हासिल करते हुए कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने में सफल रही, वहीं राज्य की 49 पालिकाओं में भी भाजपा का प्रदर्शन शानदार रहा है। भाजपा ने 49 में से 35 सीटों पर जीत हासिल की है। कांग्रेस के हिस्से में 8 पालिका आई है। आम आदमी पार्टी एक सीट जीत पाई, पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने पांच सीटें जीती हैं। यह तस्वीर पिछले चुनाव से पूरी तरह अलग है। 2019 के चुनाव में अधिकांश पालिकाओं में कांग्रेस का कब्जा हुआ था, लेकिन उस दौर में यह चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से हुआ था। नगर पंचायतों के चुनाव 114 सीटों के लिए हुए। इनमें से 81 पर भाजपा, 22 में कांग्रेस, बसपा 1 सीट और 10 निर्दलीय जीतकर आए हैं।

### इन सीटों पर जीती कांग्रेस

निर्वाचन आयोग की जानकारी के मुताबिक कांग्रेस जिन सीटों पर पालिका चुनाव जीती है। उनमें तखतपुर, मुंगेली, कटघोरा, महासमुंद, बागबहारा,सूरजपुर, मंदिर हसौद, अभनपुर, शामिल हैं। आम आदमी पार्टी ने बोदरी सीट जीती है। दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशियों ने जहां जीत हासिल की है उनमें अहिवारा, सक्ती, पेंड्रा, अकलतरा, सिमगा शामिल है।

### 22 सीटों पर सिमट गई कांग्रेस

नगर निगम, पालिका के बाद नगर पंचायतों के चुनाव की बात करें तो यहां भी भाजपा की जीत का डंका बजा है। राज्य की 114 नगर पंचायतों में से 81 पर भाजपा, 22 पर कांग्रेस, एक सीट पर बसपा, और 10 सीटों पर निर्दलीय जीते हैं।


धन्यवाद
हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे
नगरीय निकायों में भी
भाजपा
सरकार
आभार
प्रचंड जीत के लिए
सब्बो महतारी अऊ संगवारी
मन ला
जय जोहार
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी







# न प्रतिष्ठा बची न गढ़...भाजपा ने कांग्रेस से दोनों छीने

## सटीक साबित हुआ हरिभूमि-आईएनएच के एक्जिट पोल

### हरिभूमि-आईएनएच एक्जिट पोल

**अंबिकापुर-चिरमिरी में मुकाबला रायपुर-दुर्ग, राजनांदगांव समेत बाकी निगमों में भाजपा भारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि और आईएनएच के एग्जिट पोल में दस नगर निगमों की तस्वीर साफ हो गई है। दस में से दो नगर निगमों, अंबिकापुर और चिरमिरी में कांटे का मुकाबला सामने आया है। रायपुर, राजनांदगांव और दुर्ग में भाजपा एक तरफा जीत की ओर जाती दिख रही है। बाकी निगमों में भी भाजपा पूरी तरह से भारी नजर आ रही है। चुनाव प्रचार में देखा गया, भाजपा पूरी तरह से एकजुट नजर आई। इसके पहले प्रत्याशियों के चयन में भी भाजपा ने बाजी मारी। इधर कांग्रेस में इसके उलट बिखराव नजर आया। बड़े नेता भी अलग-थलग दिखे। जिस तरह की स्थिति मतदान के बाद नजर आ रही है, उससे साफ लग रहा है कि नगर निगमों में भाजपा को बड़ा फायदा रहेगा और कांग्रेस घाटे में रहेगी।

**8 निगमों में भाजपा का पलड़ा भारी**

दस नगर निगमों में से हरिभूमि और आईएनएच के एग्जिट पोल में 8 नगर निगमों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, कोरबा, रायगढ़ और धमतरी में भाजपा का पलड़ा भारी है। अंबिकापुर और चिरमिरी में कांटे का मुकाबला है।

नगर निगम — संभावित वोट शेयर प्रतिशत में

| नगर निगम | भाजपा | कांग्रेस | संभावित जीत |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 58 | 38 | भाजपा |
| धमतरी | 60 | 40 | भाजपा |
| दुर्ग | 65 | 34 | भाजपा |
| राजनांदगांव | 53 | 37 | भाजपा |
| बिलासपुर | 49 | 42 | भाजपा |
| रायगढ़ | 54 | 40 | भाजपा |
| कोरबा | 56 | 36 | भाजपा |
| अंबिकापुर | 46 | 50 | मुकाबला |
| चिरमिरी | 41 | 43 | मुकाबला |
| जगदलपुर | 53 | 45 | भाजपा |

**भाजपा का शुरू से पलड़ा भारी**

नगरीय निकाय के चुनाव में भाजपा का कई मामलों में शुरू से पलड़ा भारी रहा है। एक तो प्रत्याशियों के चयन में भाजपा ने बाजी मारी। इसके बाद चुनाव प्रचार में भाजपा का बूथ मैनेजमेंट तगड़ा रहा। भाजपा ने सभी दस नगर निगमों में प्रदेश के एक-एक मंत्री को जिम्मा सौंपा। इसी के साथ हर निगम के लिए दिग्गज विधायक और सांसदों को भी जिम्मा दिया गया। रायपुर में ही एक तरफ जहां प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम को जिम्मा दिया गया, वहीं चुनाव के संचालन के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत को भी मोर्चे पर लगाया गया। इसी तरह से हर निगम में भाजपा ने पूरी ताकत झोंकी उसका फायदा अब मतदान होने के बाद मिलता नजर आ रहा है।



नगर निगम चुनाव के बाद हरिभूमि-आईएनएच ने मतदाताओं के मन की बात जानी थी। दस नगर निगम में जीत हार की मंशा भापी। मतदाताओं का रुख साफ था कि छत्तीसगढ़ में मन भाजपा की तरफ है। दस में आठ नगर निगमों में साफ तौर पर भाजपा की जीत दिख रही थी। वैसा ही हुआ। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, दुर्ग, राजनांदगांव, बस्तर, धमतरी, कोरबा में भाजपा की जीत एकतरफा नजर आ रही थी। वहीं अंबिकापुर और चिरमिरी में मुकाबला दिख रहा था। आज आए नतीजों से साफ हो गया है कि वोटिंग के बाद मतदाताओं ने हरिभूमि-आईएनएच के सामने दिख खोल दिया था। आठ नगर निगमों में भाजपा बड़े अंतर से जीती है। वहीं अंबिकापुर और चिरमिरी में मुकाबला नजर आया है।

## कांग्रेस के दिग्गजों ने संभाली थी नगर निगमों की जिम्मेदारी

नगर निगमों के चुनाव में कांग्रेस अपना कोई भी किला नहीं बचा सकी। दस के दस निगम उसके हाथ से निकल गए। कांग्रेस संगठन ने दस निगमों में दिग्गजों ने खुद को मैदान में उतार दिया था। रायपुर और दुर्ग में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, चिरमिरी में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत बस्तर में दीपक बैज, अंबिकापुर में पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव ने मोर्चा संभाला था। लेकिन सभी जगह कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने नियम बदलकर महापौर का प्रत्यक्ष चुनाव नहीं कराया था। भाजपा ने इस बार प्रत्यक्ष चुनाव कराया और जीत दर्ज की। नियम बदलने के बाद भाजपा के सामने जीत दर्ज करने की चुनौती थी। भाजपा के सभी दिग्गजों

## भाजपा ने लगाया था मंत्रियों और विधायकों को चुनाव में

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव, प्रदेश के ओपी चौधरी, लखनलाल देवांगन, रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, विधायक राजेश मूणत, अमर अग्रवाल ने अपने-अपने जिम्मे वाले निगमों में भाजपा के प्रत्याशियों को जीत दिलाने में सफलता प्राप्त कर ली। किसी भी भाजपा के दिग्गज नेता की प्रतिष्ठा पर आंच नहीं आई। कांग्रेस के सभी दिग्गज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के साथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, प्रमोद दुबे अपनी प्रतिष्ठा नहीं बचा सके।

## भारत की आजादी के बाद कांकेर नगर पालिका में 73 साल बाद अध्यक्ष पद पर भाजपा ने फहराया परचम






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगर पालिका कांकेर में चुनाव 1952 में सबसे पहली बार हुए थे और तब से लेकर आज तक के चुनाव पर कांग्रेस के ही अध्यक्ष बनते आ रहे थे, इस बार भाजपा ने अनारक्षित सीट पर पिछड़ा वर्ग को मौका दिया और परिवर्तन की ऐसी लहर चली, जिसमें कांग्रेस का किला ढह गया और भाजपा ने परचम फहराया। भाजपा को 73 साल बाद यह जीत हासिल हुई, इस जीत का पूरा श्रेय महतारी वंदन को दिए जाने की चर्चाएं ज्यादा हो रही है। महिलाओं ने इस बार जो कमाल किया, वो काबिले तारीफ रहा। भाजपा आएगी और लहर परिवर्तन की का जो नारा चला, अंततः भाजपा को कामयाबी हासिल हुई।

**1952 में सबसे पहली बार नपा चुनाव**

**13 अध्यक्ष अब तक आसीन हो चुके**

नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष कक्ष में पहले अध्यक्ष से लेकर अभी तक के अध्यक्ष की फोटो लगी हुई है, जिसमें एक भी भाजपा अध्यक्ष की फोटो नहीं है। 1952 से लेकर अभी तक 13 अध्यक्ष आसीन हो चुके है। भाजपा के निर्वाचित अरूण कौशिक 14 वें अध्यक्ष होंगे। कांग्रेस के 13 अध्यक्षों में रवि श्रीवास्तव दो बार और उनकी पत्नी एक बार अध्यक्ष की कुर्सी पर आसीन हुई है। कांग्रेस के द्वारा टिकट नहीं देने पर रवि श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी को निर्दलीय चुनाव लड़वाया था और अंततः जीत दिलवाने में कामयाब रहे थे, इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रही थी। इस परिवार का कार्यकाल सबसे ज्यादा लंबा 15 वर्षो तक रहा।

### विधायक को सौंपी गई थी जिम्मेदारी

प्रदेश भाजपा संगठन ने विधायक आशाराम नेताम को नगर पालिका जिताने की पूरी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कई प्रकार के संकट आने के बाद भी विधायक पहले दिन से वार्डो में डटे रहें और अंततः विधायक आशाराम नेताम की मेहनत सफल हुई और जीत भाजपा को मिली।

### टूट गया मिथक

यह जीत का सेहरा लेने के लिए अब कई लोग सामने आएंगे, परंतु देखा जाए तो यह जीत विधायक के साथ-साथ भाजपा प्रत्याशी की मेहनत है, जिससे इस परिणाम को हासिल कर सके। कांकेर नगर पालिका का अभी तक जो मिथक था, वो अब टूट गया।

## सिर्फ 10 वोट से जीतीं खरोरा नपं अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय के चुनाव परिणाम आ गए हैं। खरोरा नगर पंचायत में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर हुई, जिसमें भाजपा को दस वोटों से जीत मिली है। दरअसल यहां पर कांग्रेस की मोना बबलू भाटिया को 2 हजार 2 वोट मिले हैं और बीजेपी की सुनीता अनिल सोनी को 2 हजार 12 वोट मिले हैं। सुनीता सोनी ने मात्र 10 वोट से जीत हासिल की है। जहां भारतीय जनता पार्टी के आठ पार्षद जीते वहीं कांग्रेस को एक पार्षद की जीत से ही संतुष्टि करनी पड़ी। वहीं बीजेपी ने निर्दलीय पार्षद को भी अपना ही कैंडिडेट माना है। बता दें कि, गणना के बाद कांग्रेस की गलत केलकुलेशन से जीत का हल्ला हुआ था, लेकिन दोबारा गिनती की गई तो परिणाम बीजेपी के पक्ष में सामने आए।

**भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर**



## इन्होंने संभाला था मोर्चा

**रायपुर**


बृजमोहन अग्रवाल


राजेश मूणत


प्रमोद दुबे

**दुर्ग**


विजय शर्मा

*दुर्ग प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गृह जिला है*


भूपेश बघेल

**राजनांदगांव**


डॉ. रमन सिंह

**अंबिकापुर**


टीएस सिंहदेव

**रायगढ़**


ओपी चौधरी

**चिरमिरी**


डॉ. चरण दास महंत

*डॉ. चरणदास महंत की प्रतिष्ठा थी दांव पर*


श्याम बिहारी जायसवाल

**बस्तर**


दीपक बैज

*बस्तर में दो प्रदेशाध्यक्षों की साख दांव पर थी। बैज समर्थक मैदान में थे*


किरण देव

**बिलासपुर**


अमर अग्रवाल

*अरुण साव और अमर अग्रवाल पर थी जीत दिलाने की जिम्मेदारी*


अरुण साव

## चाय वाले महापौर ने कहा...गरीबी देखी है, गरीबों का दुख जानता हूं, जीतने वालों ने कहा- अब जनसेवा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर, बैकुंठपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, जगदलपुर, धमतरी

प्रदेश के दस नगर निगमों में भाजपा के महापौर बन गए हैं। जीतने के बाद ज्यादातर महापौरों से बातचीत में सभी से एक स्वर में कहा है कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा काम करेंगे। भाजपा जो कहती है वह करती है। हमारी पार्टी ने जो भी वादे किए हैं, उनको पूरा किया जाएगा।

### शहर को बनाएंगे हरा-भरा: मीनल

**रायपुर।** शहर की दूसरी महिला महापौर मीनल चौबे का कहना है, शहर के चार विधायक और लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के कुशल नेतृत्व के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने काफी मेहनत की। साथ ही शहर के 70 वार्ड की जनता ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए आभारी हूं। महिला महापौर के रूप में शहर को स्वच्छ और सुंदर हरा-भरा शहर बनाने का प्रयास करूंगी। जनता के आशीर्वाद के रूप में अपनी इस उपलब्धि को देखती हूं। आज का दिन मेरे लिए बहुत बड़ा दिन है। चुनाव परिणाम का बेसब्री से इंतजार रहा।

### जनता की करेंगे सेवा: पूजा विधानी

**बिलासपुर।** नवनिर्वाचित मेयर भाजपा की एल पद्मजा पूजा विधानी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायकों का आभार व्यक्त करते हुए जीत का श्रेय पार्टी को दिया है। उन्होंने कहा, जनता ने एक महिला पर विश्वास किया है और वे उस विश्वास पर खरा उतरना चाहेंगी। बिलासपुर की जनता ने जिस तरह से उन्हें सहयोग दिया है, उसी तरह वे जनता की सेवा भी करेंगी। उनका कहना है कि बिलासपुर में बहुत सारी बुनियादी समस्याएं हैं, क्योंकि ▶▶| शेष पेज 6 पर

### जनता की उम्मीदों पर पानी नहीं फिरने दूंगा : जीवर्धन चौहान



**रायगढ़।** नगर निगम में ऐतिहासिक जीत के बाद हरिभूमि ने नए मेयर जीवर्धन चौहान ने कहा कि एक चायवाले से शहर के प्रथम नागरिक बन गए हैं। जीत पर उन्होंने कहा, जनता कांग्रेस से त्रस्त हो चुकी थी अब कभी भी जनता की उम्मीदों पर पानी नहीं फिरने दूंगा। मैं खुद एक गरीब परिवार से हूं। मैंने गरीबी को करीब से देखा है, इसलिए मुझे गरीबों की हर तकलीफ के बारे में पता है। मैं रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र के हरेक गरीब परिवारों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाऊंगा। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### भरोसे पर खरा उतरना ही पहली प्राथमिकता: संजूदेवी

**कोरबा।** महापौर पद पर निर्वाचित भाजपा की प्रत्याशी संजूदेवी राजपूत ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से चुनाव में जीत मिली है। इसलिए जनता के साथ मिलकर काम करना है और उनके भरोसे पर पूरी तरह खरा उतरना है। इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन एवं कोरबा के विधायक तथा प्रदेश के उद्योग, श्रम एवं वाणिज्यिक मंत्री लखनलाल देवांगन का कुशल नेतृत्व के साथ साथ भाजपा के एक एक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को जाता है। संजूदेवी राजपूत ने कहा कि कोरबा की जनता ने जिस तरह विधानसभा चुनाव में भाजपा पर भरोसा जताया है उसी तरह नगरीय निकाय चुनाव ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मंजूषा भगत ने कहा- काम करके दिखाऊंगी

**अंबिकापुर।** नगर निगम चुनाव में एकतरफा जीत हासिल करने वाली भाजपा प्रत्याशी मंजूषा भगत का कहना है कि यह जीत मंजूषा भगत की नहीं बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं और संगठन की जीत है। जिस दिन मैं जनता से किए वादों को पूरा करके और जनता के लिए काम करके दिखाऊंगी उसी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### लिखेंगे विकास की नई गाथा: रामनरेश राय

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी में भाजपा के महापौर प्रत्याशी रामनरेश राय ने जीत दर्ज कर ली है। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि यह जीत क्षेत्र की जनता, भाजपा के हर कार्यकर्ता, क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की मेहनत का परिणाम है। यह ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मधुसूदन बोले- करेंगे हर वादा पूरा

**राजनांदगांव।** नगर निगम में महापौर पद हेतु एतिहासिक जीत दर्ज करने वाले भाजपा नेता मधुसूदन यादव ने कहा कि यह जीत उनकी नहीं, बल्कि राजनांदगांव की जनता की जीत है, जिन्होंने अपना विश्वास उन पर जताया। श्री यादव ने कहा कि जनता ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वह पूरी जिम्मेदारी के साथ ▶▶| शेष पेज 6 पर

### अटल विश्वास पत्र का हर वादा करेंगे पूरा: अलका

**दुर्ग।** नव निर्वाचित महापौर अलका बाघमार ने कहा कि यह भाजपा और जनता जनार्दन की जीत है। जीत के लिए संगठन और पूरा शीर्ष नेतृत्व डटा रहा, इसलिए यह संगठन की जीत है। घोषणा पत्र के रूप में अटल विश्वास पत्र जारी किया गया था, इसमें शामिल सभी घोषणाएं पूरी करेंगे। भाजपा जो कहती है वह ▶▶| शेष पेज 6 पर

### हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे: रामू

**धमतरी।** नगरपालिक निगम चुनाव में महापौर के पद पर विजयी होने के बाद रामू रोहरा ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि अब धमतरी का सर्वांगीण विकास होगा। विकास का पैसा सीधे राजधानी से धमतरी आएगा। जनता ने जो आशीर्वाद दिया है, उस पर हम खरा उतरेंगे। जनता की उम्मीदों के अनुकूल शहर का विकास होगा। जनता बताएगी कि हमें क्या करना है। आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेंगे। शहर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। विकास भी तिगुने रफ्तार से होगा। भाजपा का ▶▶| शेष पेज 6 पर

### भारी पड़ा भाजपा का 1 साल : संजय

**जगदलपुर।** महापौर निर्वाचित होने के बाद भाजपा के संजय पाण्डेय ने मतगणना स्थल पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि मेरी और पार्षदों की जीत सुशासन की जीत है। कांग्रेस के भूपेश सरकार के 5 साल पर भाजपा के मुख्यमंत्री साय का 1 साल भारी पड़ा। यही कारण है कि लोगों ने भाजपा पर विश्वास कर जीताया। उन्होंने कहा कि शहर विकास के लिए जितने भी वायदे हमने किया है उन सभी को पूरा करेंगे। सबसे प्रमुख प्राथमिकता स्वच्छता की रहेगी। शहर ▶▶| शेष पेज 6 पर

# नगरीय निकाय/ नगर पंचायत चुनाव

हरिभूमि



## ग्रामीण/शहरी रणभूमि

| कुल नगर पंचायत | भाजपा | कांग्रेस | निर्दलीय ( बसपा-1) |
|---|---|---|---|
| 114 | 81 | 22 | 11 |



## जीत का जश्न





## नगर पंचायत में इनकी जीत

1. बिल्हा - वंदना जेंड़े (भाजपा)
2. कोटा - सरोजनी साहू भाजपा
3. मल्लार- भाजपा
4. मरवाही - मधु गुप्ता ( कांग्रेस)
5. पथरिया- हुलसी वैष्णव भाजपा
6. सरगांव - ( भाजपा)
7. बरेला - भाजपा
8. जरहागांव - भाजपा
9. खरौद - भाजपा
10 . शिवरीनारायण- भाजपा
11. बलौदाबाजार - गोपी साहू ( कांग्रेस)
12. सारागांव - छवि सूर्यवंशी ( कांग्रेस)
13. राहौद -प्रतिभा शैल कश्यप ( भाजपा)
14 . नवागढ़ - अर्चना राजकुमार देवांगन (भाजपा)
15. नरियारा - राधिका सहगल (निर्दलीय)
16. पामगढ़ - गौरी छोटू जांघड़े (बसपा)
17. नयाबाराद्वार- भाजपा
18. अड़भार- कृष्ण कुमार रात्रे कांग्रेस
19. जैजैपुर- बलराम कंडरा (निर्दलीय)
20. चंद्रपुर- भाजपा
21. डभरा- दीपक साहू (भाजपा)
22. पाली- भाजपा
23. छुरीकला- भाजपा
24. पुसौर- भाजपा
25. किरोड़ीमल नगर- हरिकिशोर चंद्रा कांग्रेस
26. घरघोड़ा- सिल्लू चौधरी (निर्दलीय)
27. धरमजयगढ़- अनिल सरका भाजपा
28. लैलुंगा - भाजपा
29. बरमकेला- सत्यभामा नायक (कांग्रेस)
30. सरिया - कमलेश अग्रवाल (भाजपा)
31. बिलईगढ़ -दामोदर दुबे ( निर्दलीय)
32. भटगांव- विक्रम कुर्रे ( भाजपा)
33. सरसींवा- गुलेचन ( भाजपा)
34. पवनी- कुलदीप साहू ( भाजपा)
35. विश्रामपुर- भाजपा
36. जरही- पुरन राजवाड़े भाजपा
37. भटगांव- परमेश्वरी राजवाड़े (भाजपा)
38. प्रतापपुर- मानती सिंह (भाजपा)
39. राजपुर- धरम सिंह ( भाजपा)
40. कुसमी- राजेंद्र भगत (कांग्रेस)
41. वाड्रफनगर- मान सिंह (भाजपा)
42. लखनपुर- भाजपा
43. सीतापुर- प्रेमदान कुजूर कांग्रेस
44. पटना- गायत्री सिंह (भाजपा)
45. झगराखंड- रीमा यादव (कांग्रेस)
46. खोंगापानी- ललिता यादव कांग्रेस
47. नई लेदरी- भाजपा
48. जनकपुर - भाजपा
49. कुनकुरी - विनय सिंह (कांग्रेस)
50. बगीचा- भाजपा
51. पत्थलगांव- संगीता सिंह (भाजपा)
52. कोतबा- हितेंद्र सिंह कांग्रेस
53. कुरा-भाजपा
54. माना कैम्प- भाजपा
55. खरोरा- भाजपा
56. समोदा - भाजपा
57. चंदखुरी-भाजपा
58. राजिम - भाजपा
59. फिंगेश्वर- राजेंद्र सूयर्वशी कांग्रेस
60. छुरा-भाजपा
61 कोपरा-भाजपा
62. देवभोग- कांग्रेस
63. पलारी- गोपी साहू ( कांग्रेस)
64. लवन- शिवमंगल चौहान ( भाजपा)
65. कसडोल- नागेश्वर साहू (भाजपा)
66. टुंडरा- छतराम साहू ( भाजपा)
67. रोहांसी - नंदेश्वर साहू ( कांग्रेस)
68. तुमगांव - बलराम साहू निर्दलीय
69. बसना- खुशबू अग्रवाल भाजपा (निर्विरोध)
70. पिथौरा- देवेश निषाद भाजपा
71. आमदी ज्योति साहू भाजपा
72. कुरुद- ज्योति भानू चंद्राकर भाजपा
73. भखारा - ज्योति जैन ( भाजपा)
74 मगरलोड- लीलेश सुरेश साहू (कांग्रेस)
75 नगरी- भाजपा
76 . धमधा- श्वेता प्रशांत अग्रवाल (भाजपा)
77 पाटन- योगेश भाले ( भाजपा)
78 उतई - सरस्वती साहू भाजपा
79 डौंडी - मोहतीन चौखा भाजपा
80 अर्जुंदा- प्रणेश जैन निर्दलीय
81 डौंडीलोहरा- लाल निवेंद्र सिंह भाजपा
82. गुंडरदेही- प्रमोद जैन भाजपा
83. गुरुर- प्रदीप साहू भाजपा
84. चिखलाकसा- कुंती देवांगन भाजपा
85. बेरला - विशालराज देशलहरा (भाजपा)
86. साजा - हिमांशु वर्मा ( भाजपा)
87. थानखम्हरिया- अनिता चंदन अग्रवाल (भाजपा)
88. देवकर- सुरेश सिहोर ( निर्दलीय)
89. परपोड़ी- डेशुराम साहू ( भाजपा)
90. नवागढ़ - सिद्धांत चौहान ( निर्दलीय)
91. दाढ़ी- भारती सूरज साहू ( भाजपा)
92. भिमौरी- संदीप परगनिहा ( भाजपा)
93. कुसमी- चंद्रप्रकाश साहू ( कांग्रेस)
94. डोंगरगांव- अंजू त्रिपाठी भाजपा
95. छुरिया - अजय पटेल भाजपा
96. लाल बहादुर नगर- देवेंद्र साहू भाजपा
97. गंडई- टाकेश्वर साह कांग्रेस
98. छुईखदान- नम्रता वैष्णव कांग्रेस
99. अंबागढ़ चौकी- अनिल मानिकपुरी ( निर्दलीय)
100. पिपरिया- घुरवा राम साहू ( भाजपा)
101. पांडातराई- सरिता सोनी ( भाजपा)
102. बोड़ला- विजय पाटिल ( भाजपा)
103 सहसपुर लोहारा- संतोष मिश्रा ( भाजपा)
104 इंदौरी- भाजपा
105 बस्तर - देवश्री भद्रे कांग्रेस
106 केशकाल- निर्दलीय
107 फरसगांव - भाजपा
108 गीदम - रजनीश सुराना ( भाजपा)
109 बारसूर - सुभद्रा नेगी ( भाजपा)
110 दोरनापार - राधा नायक ( भाजपा)
111 चरामा -भुनेश्वर नागराज कांग्रेस
112 भानुप्रतापुर- निखिल सिंह राठौर ( भाजपा)
113 अंतागढ़- भाजपा
114 पंखाजूर- भाजपा

## धमतरी जिले की तीन नगर पंचायत ऐसी, जहां जीतने वाली तीन अध्यक्षों के नाम ज्योति

# 114 नगर पंचायतों में से 81 स्थानों पर खिला कमल, महज 22 सीटों पर पंजे को सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**नगर पंचायत चुनाव में भाजपा ने इतिहास रच दिया है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में संभवतः पहली बार 71 फीसदी सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों ने कुर्सी हथिया ली है। इतना ही नहीं जो 10 निर्दलीय जीतकर आए हैं, उनमें भी करीब 6 भाजपा समर्थित हैं। एक सीट बसपा ने जीती है। बसपा ने पामगढ़ सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। इस प्रकार भाजपा की यह जीत कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है। भाजपा का प्रदर्शन ग्रामीण क्षेत्रों में इतना बेहतर पहले नहीं रहा है।**

हालांकि राज्य में जिसकी सरकार रहती है, उसका प्रभाव रहता है, लेकिन इस चुनाव में भाजपा ने हर बार से ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है। लोगों ने भाजपा प्रत्याशियों की बातों पर भरोसा किया है। वहीं कांग्रेस महज 22 सीटों पर सिमट गई हैं। एक सीट तो ऐसे भी रही है, जहां भाजपा की प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। बसना सीट पर खुशबू अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। वोटिंग से पहले ही आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी ने चुनाव से हटने का फैसला लिया। शनिवार को हुई मतगणना में भाजपा के प्रत्याशियों ने शुरू से ही बढ़त बनाई रखी। यह बढ़त अंत तक बनी रही। वहीं जिन सीटों पर कांग्रेस जीता, वहां भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों में कड़ी टक्कर देखने को मिली।



### दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर जैसे जिलों में सारी नगर पंचायत भाजपा के कब्जे में

मतगणना के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर जैसे जिलों के सारे नगर पंचायत भाजपा के कब्जे में आ गए हैं। राजधानी रायपुर के कूरा, माना कैम्प, खरोरा, समोदा, चंदखुरी, दुर्ग के धमधा, पाटन, उतई, बिलासपुर के बिल्हा, कोटा, मल्हार, मुंगेली के पथरिया, सरगांव, बरेला, जरहागांव में भाजपा ने शानदार जीत हासिल की है।

### तीन नगर पंचायत ऐसे जहां ज्योति नाम की प्रत्याशी जीतीं

धमतरी जिले के तीन नगर पंचायत आमदी, कुरुद और भखारा में भाजपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की। खास बात यह है कि इन तीनों नगर पंचायत में भाजपा प्रत्याशी का नाम ज्योति था। आमदी से ज्योति साहू, कुरुद से ज्योतिभानु चंद्राकर और भखारा से ज्योति जैन ने चुनाव जीता है। इस प्रकार ज्योति नाम इस बार धमतरी जिले के नगर पंचायत चुनाव के लिए लक्की साबित हुआ। प्रचार-प्रसार के दौरान राजनीतिक हल्कों में इस बात की चर्चा पूरे समय बनी रही। पहले दिन से माना जा रहा था तीनों प्रत्याशी चुनाव में जीत रहे है। परिणाम के बाद हुआ भी ऐसा ही।

### सरगुजा में मिला-जुला तो बस्तर में भाजपा के प्रत्याशी ज्यादा जीते

नगर पंचायतों में सरगुजा क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा की सीटें लगभग बराबर गई हैं। सूरजपुर में जरूर भाजपा ने सभा 5 नगर पंचायतों में कब्जा जमाया है, लेकिन बलरामपुर-रामानुजगंज में दोनों पार्टियों के प्रत्याशी एक-एक नगर पंचायत में जीतने में सफल रहे हैं। सरगुजा में भी एक-एक सीट मिली है। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी में कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों ने दो-दो सीटें जीती है। जशपुर में भी कुनकुरी और कोतबा में कांग्रेस ने जीत हासिल की है। बगीचा और पत्थलगांव सीट पर भाजपा के प्रत्याशी विजयी रहे हैं।

● अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत

## कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रहे अनिल ने बगावत कर जीती बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस टिकट वितरण से नाराज मानपुर मोहला जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने पार्टी से इस्तीफा देकर अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्दलीय चुनाव मैदान में अनिल मानिकपुरी ने शानदार जीत दर्ज किया है। अनिल मानिकपुरी को 2771 मत मिले जबकि भाजपा के गुलाब गोस्वामी को 2410 मत प्राप्त हुए। अनिल मानिकपुरी 361 वोटो से विजयी घोषित किये गए। पेशे से पत्रकार अनिल मानिकपुरी दूसरी बार नगर पंचायत अंबागढ़ चौका के अध्यक्ष बने है। छात्र राजनीति के दौर से अनिल मानिकपुरी क्षेत्र में सक्रिय रहे है। पहली बार भी अनिल मानिकपुरी निर्दलीय चुनाव जीता था और इस बार भी निर्दलीय जीतकर कीर्तिमान बनाया है। अनिल इसके पूर्व चौकी के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा को चुनाव में पराजित किया था। अशोक वर्मा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. विद्याचरण शुक्ल के समर्थक थे।

## कांग्रेस की हार पर जमकर थिरके बलदेव, डॉ. विनय के खिलाफ निर्दलीय लड़ा चुनाव, कहा, तेरी हार मेरी जीत

### टिकट नहीं मिला तो बागी हो गए थे ब्लाक अध्यक्ष बलदेव, लड़ा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

दुश्मन का दुश्मन भी दोस्त होता है। यही कहावत चिरमिरी नगर पालिका निगम में देखने को मिली। वहां कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी डा. विनय जायसवाल की हार पर कांग्रेस के ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जमकर थिरके। बलदेव कांग्रेस के ही ब्लॉक अध्यक्ष थे। टिकट नहीं मिला तो बगावत कर मैदान में कूद गए। मकसद शायद जीत नहीं, अपनी ही पूर्व पार्टी की हार था। जब नतीजे आए तो डा. विनय की हार की घोषणा होते ही बलदेव ने जमकर डांस किया। समर्थकों से कहा उसकी हार में मेरी जीत है।

एमसीबी जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी के चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. विनय जायसवाल की हार के बाद यहां बगावत कर चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के ही ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव दास जमकर थिरके। हालांकि वे स्वयं भी निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में जीत दर्ज करने में नाकाम रहे। यहां भाजपा के प्रत्याशी रामनरेश राय ने महापौर पद पर जीत दर्ज की है। चौकाने वाली बात यह रही कि कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. जायसवाल के चुनाव में हारने का जश्न मनाते नजर आए। जैसे ही भाजपा प्रत्याशी रामनरेश राय की जीत की घोषणा हुई, बलदेव दास ने अपने समर्थकों के साथ जमकर ठुमके लगाए और उत्साह में झूमते दिखे। यह घटना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है। कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि बलदेव दास न केवल ब्लॉक अध्यक्ष थे, बल्कि लंबे समय से पार्टी संगठन से जुड़े हुए थे।



हार के बाद भी नाचे बलदेव दास



जीत हुई भाजपा के राम नरेश की

### बलदेव को मिले महज 1976 वोट

*बीजेपी के विजयी प्रत्याशी रामनरेश को 18 हजार 891 वोट मिले हैं। वहीं डा. विनय जायसवाल को 13 हजार 199। वहीं निर्दलीय चुनाव लड़े बलदेव को महज 1976 वोट मिल सके। लेकिन माना जा रहा है कि ब्लाक अध्यक्ष के निर्दलीय चुनाव लड़ने से पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच संदेश अच्छा नहीं गया जिसका असर चुनाव पर पड़ा।*

## भाजपा में छाई निराशा

### झगराखांड नगर पंचायत में कांग्रेस की रीमा यादव ने चंपा जायसवाल को 44 वोट से हराया



**भिलाई।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के नगर पंचायत झगराखांड का चुनाव भी खासी रोचक रहा। यहां कांग्रेस की रीमा यादव ने भाजपा की चंपा यादव को चुनाव हरा दिया है। बता दें कि चंपा जायसवाल स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की बहू हैं। भाजपा ने पूरी ताकत से इस क्षेत्र में चुनाव लड़ा, लेकिन वे अपनी प्रत्याशी को चुनाव नहीं जीता पाए। चंपा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी के भांजे उमेश जायसवाल की पत्नी हैं। इस सीट को कुनकुरी के बाद हाई प्रोफाइल सीट माना जा रहा है। भाजपा सहित स्वास्थ्य मंत्री की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी।

# रायपुर निगम में ऐतिहासिक जीत, पहली बार भाजपा के 60 पार्षद जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम चुनाव में इस बार भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने जहां रिकार्ड मतों से कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे को पराजित किया, वहीं 70 में से 60 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत हुई। कांग्रेस प्रत्याशी सिर्फ 7 सीटों पर ही पार्टी का परचम लहराने में कामयाब रहे। इसके अलावा 3 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की।

इस तरह रायपुर निगम चुनाव में पहली बार किसी पार्टी ने 90 प्रतिशत सीटों पर कब्जा किया है, वहीं मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी कांग्रेस मात्र 7 सीटों पर ही सिमटकर रह गई। इस चुनाव में निगम के पूर्व महापौर एजाज ढेबर को भी हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा प्रत्याशी अमर गिदवानी ने उन्हें 1526 वोटों से करारी शिकस्त दी है। महापौर सहित कांग्रेस की यह करारी हार बताती है कि इस बार राजधानी में परिवर्तन की लहर थी। मतदाता पूर्व कांग्रेस सरकार के 15 साल के कार्यकाल से ऊब चुकी थी, जिसके कारण मतदाताओं ने अपने वोटों से पार्टी को नकार कर भाजपा पर पुनः विश्वास जताया है। नगर निगम चुनाव की मतगणना शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज स्ट्रांग रूम में की गई। मतगणना सुबह 9 बजे डाकमत पत्रों की गिनती से शुरू हुई। इसके बाद ईवीएम मशीनों के मतों की गिनती की गई, जो दोपहर करीब 3 बजे तक चली। जैसे-जैसे गिनती के राउंड लगाए जा रहे थे, वैसे-वैसे मतों की गिनती के रुझान भी आने लगे थे। हालांकि पार्षद पद के परिणाम दोपहर 12 बजे से ही आने शुरू हो गए थे। जैसे-जैसे परिणाम आ रहे थे, वैसे-वैसे जीतने वाले प्रत्याशियों को जीत के प्रमाणपत्र भी निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सौंपे जा रहे थे।

### पूर्व महापौर एजाज ढेबर भी हारे चुनाव



### 3 सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी का कब्जा

चुनाव में इस बार निर्दलीय प्रत्याशियों का भी जोर नहीं दिखा, जिसके कारण 70 सीटों में सिर्फ 3 सीट पर ही निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। इनमें महात्मा गांधी वार्ड 8 से सावित्री धीवर, वामनराम लाखे वार्ड 66 से कृष्णा सोनकर उर्फ बब्बी ने जीत हासिल की है। पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड 34 से निर्दलीय प्रत्याशी आकाश तिवारी ने जीत हासिल की है। वे पहले कांग्रेस से इसी सीट से चुनाव जीत चुके हैं। इस बार पार्टी से उन्हें टिकट नहीं मिला, जिसके कारण वे पार्टी से बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की है।

### सात प्रत्याशियों ने बचाई कांग्रेस की लाज

रायपुर निगम चुनाव में इस बार कांग्रेस का सुपड़ा साफ होते-होते बच गया। कांग्रेस के सात प्रत्याशियों ने सात सीट पर जीत हासिल कर पार्टी की लाज बचा ली। जीत हासिल करने वाले प्रत्याशियों में पूर्व महापौर एजाज ढेबर की पत्नी अर्जुमन ढेबर के साथ वीर सावरकर वार्ड से संदीप साहू, सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड से दीप मनीराम साहू, शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड से रोनिता प्रकाश जगत, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड से शेख मुशीर, लालबहादुर शास्त्री वार्ड से रेणु जयंत साहू तथा महामाया मंदिर वार्ड से जयश्री नायक शामिल हैं।

रायपुर
रविवार, 16 फरवरी 2025
फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 23, अंक : 211
पृष्ठ : 14+8 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.4
न्यून. 16.1

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



## महाकुंभ में फिर आगजनी, सेक्टर 18, 19 के कई पंडाल खाक

एजेंसी : प्रयागराज । प्रयागराज, यूपी में चल रहे महाकुंभ मेले के सेक्टर 18 और 19 के बीच शनिवार को कई पंडालो में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं।

फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। साथ ही आग लगने की वजह का भी अभी तक पता नहीं चल सका है। बताते चलें कि इससे पहले भी महाकुंभ मेला क्षेत्र के अरैल की ओर पड़ने वाले सेक्टर 23 में 9 फरवरी की (रविवार) रात आग लग गई थी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने तुरंत ही आग पर काबू पा लिया था। आग लगने की वजह गैस सिलेंडर को बताया जा रहा था। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, महाराजा भोग नाम के खान-पान की दुकान में आग लगी थी, जिसने कई पंडालों को चपेट में ले लिया था। 9 फरवरी से दो दिन पहले भी महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना सामने आई थी। तब आग सेक्टर-18 में शंकराचार्य मार्ग स्थित एक शिविर में लगी थी। घटना में कई टेंट जलकर राख हो गए थे। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड ने बड़ी अनहोनी से पहले तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़, 15 लोगों की मौत

### प्रयागराज जाने वाली दो ट्रेनों के रद्द होने के कारण मची अफरा-तफरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ मच गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना रात 9:55 बजे मिली, जिसके बाद रेलवे प्रशासन और सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। स्थिति कंट्रोल में है। घटना में 15 लोगों की मौत हो चुकी है और 10 लोग घायल हो गए हैं। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। एलएनजेपी अस्पताल में कुल 15 लोगों की मौत हुई है। जिसमें 11 महिलाएं, दो पुरुष और दो बच्चे शामिल हैं। कुछ लोगों को लेडी हार्डिंग अस्पताल में लाया गया है। वहीं इस मामले पर दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और रेल मंत्री का बयान सामने आया है। घटना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर हुई। कॉल रात 21:55-21:56 बजे मिली। मौके पर कुल चार दमकल गाड़ियां भेजी गईं।

### घटना दुर्भाग्य, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना : दिल्ली एलजी

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई घटना के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था और भगदड़ के कारण जान-माल के नुकसान और घायल होने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। इस त्रासदी के पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैंने मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त से बात की है। मुख्य सचिव को डीडीएमए उपायों को लागू करने और राहत कर्मियों को तैनात करने के लिए कहा गया है। मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को घटनास्थल पर रहने और राहत उपायों को नियंत्रित करने का निर्देश दिया है। मैं लगातार ऑपरेशन की निगरानी कर रहा हूं।



### प्लेटफार्म नंबर 14 और 15 पर हुई घटना

सूत्रों के मुताबिक, प्रयागराज जाने वाली दो ट्रेनों के रद्द होने के कारण स्टेशन पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। अचानक हुई ट्रेन कैंसिलेशन की घोषणा के बाद यात्री घबरा गए, जिससे अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ की स्थिति बन गई। घटना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 14 और 15 पर हुई है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### क्रिप्टो धोखाधड़ी, सीबीआई के 11 स्थानों पर छापे



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने स्वयं को सरकारी अधिकारी बताकर लोगों को ठगने के आरोप में कथित साइबर अपराधियों के खिलाफ दिल्ली और हरियाणा में 11 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 1.08 करोड़ रुपए की नकद राशि जब्त की।

### कार और ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर, चार की मौत

**बस्ती।** बस्ती जिले में बेनीपुर गांव के पास कार ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। इससे कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अयोध्या जिले के निवासी रोहित (27), गोंडा जिले के निवासी पवन (24), बस्ती जिले के निवासी भाई मोनू (22) और सोमनाथ (24) के रूप में की गई है। गौर-बभनान मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने देर रात करीब साढ़े 11 बजे ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी।

यूपी सड़क हादसे में कोरबावासी बोलेरो में थे सवार

# बस से टकराई बोलेरो, महाकुंभ जा रहे 10 श्रद्धालुओं की मौत

*यूपी के प्रयागराज जिले में यमुना नगर के मेजा थाना अंतर्गत प्रयागराज-मीरजापुर राजमार्ग पर शुक्रवार देर रात बस और बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में बोलेरो सवार 10 लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक छत्तीसगढ़ के कोरबा के रहवासी थे। वे महाकुंभ में स्नान करने आ रहे थे।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाकुंभ में स्नान करने प्रयागराज जा रहे कोरबा के 10 लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई है। घटना 15 फरवरी की आधी रात क़रीब एक बजे ग्राम मानपुर थाना माजा, उत्तर प्रदेश की है। सभी मृतक कोरबा जिले के दर्री थाना क्षेत्र के रहने वाले थे और बोलेरो वाहन में सवार होकर प्रयागराज जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत कलमीडुग्गू निवासी 10 लोग बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 11 बी 4202 में सवार होकर महाकुंभ में गंगा स्नान करने 14 फरवरी की शाम को दर्री से प्रयागराज के लिए रवाना हुए थे। सभी श्रद्धालु 15 फरवरी की रात करीब एक बजे उत्तर प्रदेश के जिला माजा थाना मानपुर के पास पहुंचे थे। तभी उनकी तेज रफ्तार बोलेरो प्रयागराज से वापस मध्यप्रदेश जा रही बस क्रमांक एमपी 07 एफ ए 8888 से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और बोलेरो पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफ़री की स्थिति निर्मित हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची लेकिन तब तक घटनास्थल पर ही बोलेरो में सवार लोगों की मौत हो चुकी थी। ⏭ शेष पेज 6 पर



आधी रात हुआ हादसा, बोलेरो के उड़े परखच्चे

### सभी मृतक दर्री कोरबा के निवासी

हादसे में मारे गए सभी मृतक दर्री थाना के कलमीडुग्गु निवासी थे। घटना के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने ने सभी मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। मृतक के परिजन खबर मिलते ही घटनास्थल के लिए रवाना हो गए थे। जानकारी के अनुसार मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। कल सभी का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री साय ने जताया दुख



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस हृदय विदारक घटना पर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। साथ ही उन्होंने कोरबा जिला प्रशासन को स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### प्रयागराज महाकुंभ से वापस मध्यप्रदेश जा रही बस से हुई जोरदार टक्कर

### सभी के शव पोस्टमॉर्टम हाउस में रखे गए

सभी के शव पोस्टमॉर्टम हाउस में रखे हैं। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजनों आने के बाद ही पोस्टमार्टम होगा। पीएम के बाद शवों को सौंप दिया जाएगा।

### इनकी हो गई मौत

मृतकों में दर्री थाना क्षेत्र के कलमी डुग्गु निवासी ईश्वरी प्रसाद जायसवाल, संतोष सोनी, भागीरथी जायसवाल, सोमनाथ, अजय बंजारे, सौरभ कुमार सोनी, गंगा दास वर्मा, शिव राजपूत, दीपक वर्मा, राजू साहू शामिल हैं। हादसे में बस सवार एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं।

### इधर, खड़े ट्रक से टकराई वैन 4 की मौत

महाकुंभ से तीर्थयात्रियों को ला रही पर्यटक वैन गुजरात के दाहोद जिले में राजमार्ग पर खड़े एक ट्रक से टकरा गई। इससे चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान अंकलेश्वर निवासी देवराज नकुम (49) और उनकी पत्नी जासुबा (47) तथा धोलका निवासी सिद्धराज डाभी (32) और रमेश गोस्वामी (47) के रूप में हुई है। दुर्घटना इंदौर-अहमदाबाद राजमार्ग पर लिमखेड़ा के पास देर रात करीब सवा दो बजे हुई। मारे गए लोग भरूच जिले के अंकलेश्वर और अहमदाबाद जिले के धोलका के निवासी थे। तीर्थयात्री महाकुंभ से लौट रहे थे। एक महिला समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

## दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत, तीन की मौत चार की हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

ग्राम आड़ेझर के पास दो बाइक की आपस में टक्कर हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं एक बच्चा और महिला सहित कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम बालोद जिले के महामाया थाना अंतर्गत मनकुंवर–महामाया मार्ग पर ग्राम आड़ेझर के पास दो मोटर साइकिल की आपस में टक्कर हो गई।

### बालोद में ग्राम आड़ेझर के पास सड़क हादसा

### एक बच्चा और महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से हो गए घायल

इस सड़क हादसे में ग्राम ठाकुर पारा कोटागांव निवासी भूपत पिता चेतन चुरेन्द्र (36), निसंग्राम कोला पिता प्रताप सिंह कोला (29), ग्राम नारंगसुर निवासी छबि लाल दर्रो पिता रिसाऊ राम (35) की मौत हो गई।

वहीं, इस सड़क दुर्घटना के बाद अन्य घायलों को उपचार के लिए दल्ली राजहरा अस्पताल ले जाया गया। महामाया पुलिस मामले की जांच करवाई में जुट गई है।




## केजरीवाल पर गिरी एक और गाज, शीश महल की होगी जांच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सीवीसी के फैसले से टेंशन में आप

दिल्ली चुनाव में मिली करारी हार के बाद दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है।

आप के कई नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के जांच शुरू हो चुके हैं। अब यह गाज अरविंद केजरीवाल पर भी गिर गई है। सीवीसी ने 6 फ्लैगस्टाफ बंगले के नवीनीकरण की जांच के आदेश दे दिए हैं। केजरीवाल पर आरोप है कि 40,000 वर्ग गज में फैली इस भवन के निर्माण में मानदंडों का उल्लंघन किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस आवास पर सीपीडब्ल्यूडी द्वारा रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद केंद्रीय सतर्कता आयोग ने शीश ⏭ शेष पेज 6 पर

*चुनाव में बड़ा मुद्दा बनकर उभरा शीश महल : दिल्ली में आम आदमी पार्टी चुनाव हारी, इसके कई बड़े कारणों में से एक कारण शीश महल भी रहा। दिल्ली में बीजेपी की जीत के बाद पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा था कि भ्रष्टाचारियों को एक-एक रुपये का हिसाब देना होगा। तभी इशारा मिल गया था कि बीजेपी की सरकार आने के साथ ही भ्रष्टाचार पर गहनता से जांच होने वाली है। अब इसकी शुरुआत होती दिख रही है। अगर ये भ्रष्टाचार साबित होते हैं, तो आप के कई बड़े नेताओं को फिर से जेल की हवा खानी पड़ सकती है।*

## आतंकी गतिविधि में शामिल 3 सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

एजेंसी ⏭ श्रीनगर



### जम्मू कश्मीर में एलजी सिन्हा ने की कार्रवाई

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर सरकार के तीन कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश दिया। इसमें एक पुलिस कांस्टेबल, एक शिक्षक और एक वन विभाग में अर्दली शामिल है। इन पर आरोप है कि यह तीनों कथित तौर पर आतंकी गतिविधियों में शामिल थे। यह हथियारों की व्यवस्था करना और आतंकी हमलों के लिए लक्ष्य प्रदान करना और घाटी में हिंसक विरोध प्रदर्शन को बढ़ावा देते थे। ये सब पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बैठे आकाओं के इशारे पर काम किया करते थे। बर्खास्त किए गए तीन कर्मचारियों में- पुलिस कांस्टेबल फिरदौस अहमद भट , शिक्षक मोहम्मद अशरफ भट और वन विभाग में अर्दली निसार अहमद खान शामिल है। इनको भारत के संविधान के अनुच्छेद 311 2 (सी) के तहत बर्खास्त किया गया।





# ग्रामीण/शहरी रणभूमि



| कुल नगर पालिका | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|
| 49 | 35 | 08 | 06 |

### 1 तखतपुर



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| वंदना बाला | रविन्दर मक्कड़ | भाजपा हारे, कांग्रेस जीते |

### 2 रतनपुर



| भाजपा | निर्दलीय | परिणाम |
|---|---|---|
| लवकुश कश्यप | कन्हैया यादव | भाजपा जीते, निर्दलीय हारे |

### 3 जशपुरनगर



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| अरविंद भगत | हीरुराम | भाजपा जीते, कांग्रेस हारे |

### 4 पेण्ड्रा



| निर्दलीय | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| राकेश जालान | पंकज तिवारी | निर्दलीय जीते, कांग्रेस हारे |

### 5 गौरेला



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| मुकेश दुबे | अशोक शर्मा | भाजपा जीते, कांग्रेस हारे |

### 6 मुंगेली



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| शैलेष पाठक | रोहित शुक्ला | भाजपा हारे, कांग्रेस जीते |

### 7 लोरमी



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| सुजीत वर्मा | अनिल दास | भाजपा जीते, कांग्रेस हारे |

### 8 जांजगीर-नैला



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| चित्रेरेखा | गंगोत्री | भाजपा जीते, कांग्रेस हारे |

### 9 चांपा



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| प्रदीप नामदेव | राजेश | भाजपा जीते, कांग्रेस हारे |

### 10 अकलतरा



| भाजपा | निर्दलीय | परिणाम |
|---|---|---|
| शांति भारते | दीप्ति सारथी | भाजपा हारे, निर्दलीय जीते |

### 11 सक्ती



| भाजपा | निर्दलीय | परिणाम |
|---|---|---|
| चिराग अग्रवाल | श्यामसुंदर अग्रवाल | भाजपा हारे, निर्दलीय जीते |

### 12 दीपका



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| राजेन्द्र राजपूत | विकास शुक्ला | भाजपा जीते, कांग्रेस हारे |

### 13 कटघोरा



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| आत्माराम | राज जायसवाल | भाजपा हारे, कांग्रेस जीते |

### 14 बाकीमोंगरा



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| सोनी झा | राखी अग्रवाल | भाजपा जीते, कांग्रेस हारे |

### 15 खरसिया



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| कमल गर्ग | रमेश अग्रवाल | भाजपा जीते 5, कांग्रेस हारे |

### 16 सूरजपुर



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| देवंती साहू | कुसुमलता | भाजपा हारे, कांग्रेस जीते |

### 17 बलरामपुर



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| लोधीराम एक्का | कृपा शंकर | भाजपा जीते, कांग्रेस हारे |

### 18 रामानुजगंज



| भाजपा | कांग्रेस | परिणाम |
|---|---|---|
| रमन अग्रवाल | मधु गुप्ता | भाजपा जीते, कांग्रेस हारे |

## ऐसा रहे नगर पालिका परिषदों के नतीजे

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गोबरा-नवापारा | ओमकुमारी संजय साहू | (जीत) | भाजपा |
| 2. | तिल्दा-नेवरा: | चंद्रकला वर्मा | (जीत) | भाजपा |
| 3. | आरंग | डॉ. संदीप जैन | (जीत) | भाजपा |
| 4. | मंदिर हसौद: | गोपाल चतुर्वेदी | (जीत) | कांग्रेस |
| 5. | अभनपुर: | उत्रसेन अहिवारे | (जीत) | कांग्रेस |
| 6. | महासमुंद: | निखिल कांत साहू | (जीत) | कांग्रेस |
| 7. | बागबाहरा: | खिलेश्वरी बघेल | (जीत) | कांग्रेस |
| 8. | सरायपाली: | सरस्वती चंद्र कुमार पटेल | (जीत) | भाजपा |
| 9. | बलौदाबाजार: | अशोक जैन | (जीत) | भाजपा |
| 10. | सिमगा: | शिवधारी देवांगन | (जीत) | निर्दलीय |
| 11. | गरियाबंद: | रिखीराम यादव | (जीत) | भाजपा |
| 12. | अहिवारा: | नटवर ताम्रकार | (जीत) | निर्दलीय |
| 13 | कुम्हारी | मीना वर्मा | (जीत) | भाजपा |
| 14 | अमलेश्वर | दयानंद सोनकर | (जीत) | भाजपा |
| 15 | बालोद | प्रतिमा चौधरी | (जीत) | भाजपा |
| 16. | दल्लीराजहरा | तोरण लाल साहू | (जीत) | भाजपा |
| 17 | बेमेतरा | विजय सिन्हा | (जीत) | भाजपा |
| 18 | डोंगरगढ़ | रमन डोंगरे | (जीत) | भाजपा |
| 19 | पंडरिया | मंजूला देवी कुर्रे | (जीत) | भाजपा |
| 20 | तखतपुर | रविंद्र कौर मक्कड़ | (जीते) | कांग्रेस |
| 21 | रतनपुर | लवकुश कश्यप | (जीते) | भाजपा |
| 22 | बोदरी | | (जीत) | आप |
| 23 | पेण्ड्रा | | (जीत) | निर्दलीय |
| 24 | गौरेला | मुकेश दुबे | (जीत) | भाजपा |
| 25 | मुंगेली | रोहित शुक्ला | (जीत) | कांग्रेस |
| 26 | लोरमी | सुजीत वर्मा | (जीत) | भाजपा |
| 27 | चांपा | प्रदीप नामदेव | (जीत) | भाजपा |
| 28 | अकलतरा | | (जीत) | निर्दलीय |
| 29 | सक्ती | | (जीते) | निर्दलीय |
| 30 | दीपका | राजेंद्र सिंह राजपूत | (जीत) | भाजपा |
| 31 | कटघोरा | राज जायसवाल | (जीते) | कांग्रेस |
| 32 | बांकीमोंगरा | सोनी कुमारी झा | (जीते) | भाजपा |
| 33 | जांजगीर नैला | चित्रलेखा गढेवाल | (जीत) | भाजपा |
| 34 | खरसिया | कमल गर्ग | (जीत) | भाजपा |
| 35 | बलरामपुर | लोधी राम एक्का | (जीते) | भाजपा |
| 36 | रामानुजगंज | रमन अग्रवाल | (जीते) | भाजपा |
| 37 | सूरजपुर | कुसुमलता राजवाड़े | (जीत) | कांग्रेस |
| 38 | जशपुर नगर | अरविंद भगत | (जीते) | भाजपा |
| 39 | मनेन्द्रगढ़ | प्रतिमा यादव | (जीत) | भाजपा |
| 40 | कोंडागांव | नरपति पटेल | (जीत) | भाजपा |
| 41 | नारायणपुर | इंद्र प्रसाद बघेल | (जीत) | भाजपा |
| 42 | कांकेर | अरुण कौशिक | (जीत) | भाजपा |
| 43 | किरंदुल | रुबी शैलेंद्र सिंह | (जीत) | भाजपा |
| 44 | बड़े बचेली | राजू जायसवाल | (जीत) | भाजपा |
| 45 | दंतेवाड़ा | पायल गुप्ता | (जीत) | भाजपा |
| 46 | बीजापुर | गीता सोम पुजारी | (जीत) | भाजपा |
| 47 | सुकमा | हुंगा मड़कामी | (जीत) | भाजपा |
| 48 | भाटापारा | | (जीत) | भाजपा |

# कांग्रेसी दिग्गज नहीं बचा पाए अपने गढ़ पालिका परिषदों में भी भाजपा का वर्चस्व

बिलासपुर। संभाग के 5 नगर निगमों के साथ ही अधिकांश नगर परिषद में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। भाजपा ने बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, कोरबा और चिरमिरी नगर निगम में शानदार जीत हासिल की है। इसके साथ ही कुल 43 निकायों में से भाजपा ने 30 नगर निगम और निगम परिषद पर कब्जा जमा लिया है। कांग्रेस को 8 जगहों पर तो बसपा और आम आदमी पार्टी को एक एक जगह पर जीत मिली है। जांजगीर में दो जगहों पर निर्दलियों ने कब्जा जमाया है। बिलासपुर में भाजपा की पूजा विधानी ने कांग्रेस के प्रमोद नायक को 66 हजार 67 वोटों से हराया। इसके साथ ही बिलासपुर निगम के कुल 70 वार्डों में से भाजपा ने 49, कांग्रेस ने 18 और निर्दलीय ने तीन वार्डों में जीत हासिल की है। अंबिकापुर में भाजपा की श्रीमती मंजूषा भगत ने कांग्रेस के डॉ. अजय तिर्की को 11063 मतों से हराया। अंबिकापुर में भाजपा की 10 सालों बाद वापसी हुई है। रायगढ़ नगर निगम में बीजेपी मेयर प्रत्याशी जीवर्धन चौहान जीत गए हैं। उन्होंने कांग्रेस की जानकी काटजू को 34 हजार वोटों से हराया है। वहीं 33 वार्डों में बीजेपी को तो 12 वार्डों में कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया है। कोरबा नगर निगम में भाजपा की संजू देवी ने कांग्रेस की ऊषा तिवारी को 47,681 वोटों से हराया। चिरमिरी नगर निगम में कांग्रेस मेयर प्रत्याशी डॉ विनय जायसवाल हार गए हैं। बीजेपी के रामनरेश राय ने उन्हें 5692 वोटों से हराया है। वहीं झगराखांड नगर पंचायत में मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की बहू चंपा जायसवाल को हार का सामना करना पड़ा है।



## मुंगेली जिले के 6 निकायों में पांच पर भाजपा का कब्जा

मुंगेली। नगरीय निकाय चुनाव मे मुंगेली जिले के 6 निकाय में से पांच पर भाजपा ने जीत हासिल की है। सिर्फ एक मुंगेली नगर पालिका परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत मिली है। नगर पालिका परिषद मुंगेली से कांग्रेस प्रत्याशी रोहित शुक्ला ने 10469 वोट पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के शैलेश पाठक को हराया है। शैलेश पाठक को 8926 वोट मिले,इस प्रकार कांग्रेस के रोहित शुक्ला ने 1543 वोट से जीत दर्ज की है। लोरमी नगर पालिका में भाजपा के सुजीत वर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी अनिल दास को 2646 मतों से हराया। नगर पंचायत पथरिया से अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी हुलसी रघु वैष्णव ने कांग्रेस प्रत्याशी ऊषा अनंत को 1218 वोटों से हराया। सरगांव नगर पंचायत में बीजेपी के परमानंद साहू ने कांग्रेस के नेहरू साहू को 448 वोटों से हराया। इसी तरह जरहागाँव नगर पंचायत में बीजेपी के रुपाली वेदराम कश्यप ने कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद साहू को हराया। नगर पंचायत बरेला से बीजेपी के नरेश पटेल ने कांग्रेस प्रत्याशी को कृष्ण कुमार यादव को हराया।

## दिग्गज हारे



दीपक बैज के साथी मलकीत सिंह गैंदू महापौर चुनाव हारे



डा.विनय जायसवाल चिरमिरी मेयर चुनाव हारे



खूबचंद पारख की पुत्री शीतल जैन अध्यक्ष पद पर हारी



पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, पालिकाध्यक्ष महासमुंद से हारे



शहर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा हारे



पूर्व विधायक जगदीश अग्रवाल के पुत्र सतीश भाटापारा से हारे

# टीएस के गढ़ अंबिकापुर में भाजपा की शानदार जीत

*अम्बिकापुर। नगर निगम में भाजपा के दस सालों का वनवास समाप्त हो गया। निगम चुनाव में भाजपा से महापौर प्रत्याशी श्रीमती मंजूषा भगत ने 11 हजार 63 मतों से जीत दर्ज की है। इसके साथ ही मंजूषा भगत ने नगर निगम में पहली महिला महापौर बनने का रिकॉर्ड भी कायम किया है। इसके साथ ही भाजपा ने 31 वार्डों में भी अपनी जीत दर्ज की है जबकि कांग्रेस को महज 15 सीटों पर ही जीत मिल पाई है। दो निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव जीतकर आए है। ध्यान रहे कि बता दें कि नगर निगम अंबिकापुर के 20 वर्षों के इतिहास में पहले दस वर्षों तक भाजपा सत्ता में काबिज रही जबकि उसके बाद दस वर्षों तक कांग्रेस ने राज किया।1*

## नगर पंचायतों में भाजपा-कांग्रेस बराबरी पर

नगर निगम के साथ ही सरगुजा जिले के नगर पंचायतों में भी भाजपा और कांग्रेस बराबरी पर रही। सरगुजा जिले के नगर पंचायत लखनपुर में भाजपा ने जीत दर्ज की है। नगर पंचायत लखनपुर में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सावित्री साहू ने कांग्रेस प्रत्याशी शिखा जायसवाल को 706 मतों से हराया है लेकिन नगर पंचायत सीतापुर में कांग्रेस अपनी सीट बचाने में कामियाब रही। नगर पंचायत सीतापुर में कांग्रेस से प्रेमदान कुजूर ने भाजपा प्रत्याशी अमृता पैरका को महज 9 वोटों से मात दी है। बड़ी बात यह है कि इसके पूर्व भी नपं सीतापुर में कांग्रेस का ही कब्जा था और यहां कांग्रेस अपनी सीट बचाने में कामियाब रही।





## पहली बार महिला महापौर

नगर निगम के कार्यकाल को देखा जाए तो यहां वर्ष 2004 से 2024 तक सिर्फ पुरुषों ने ही राज किया है। नगर निगम में पहली बार महिला प्रत्याशी के रूप में मंजूषा भगत ने जीत दर्ज की है और निगम की पहली महिला महापौर बनी है। इसके पूर्व नगर निगम में दस वर्षों तक वर्तमान में लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज महापौर रहे जबकि उसके बाद दस वर्षों तक निगम की कमान डॉ. अजय तिर्की के हाथों में थी लेकिन पहली बार निगम को महिला महापौर मिली है।

## जशपुर के 5 नगरीय निकायों में 3 में भाजपा दो में कांग्रेस की जीत

जशपुर। जशपुर के 5 नगरीय निकायों में तीन में भाजपा तो 2 में कांग्रेस की जीत हुई है। परिणाम पर नजल डालें तो नगर पालिका जशपुर में भाजपा प्रत्याशी अरविंद भगत 3154 वोटो से जीते हैं। नगर पंचायत बगीचा में भाजपा प्रत्याशी प्रभात सिडाम 1342 वोटो से तो नगर पंचायत पत्थलगांव में भाजपा की संगीता सिंह 1440 वोटो से जीती हैं। नगर पंचायत कुनकुरी में कांग्रेस के विनयशील 81 वोटो से जीते को नगर पंचायत कोतबा में कांग्रेस के हितेंद्र पैंकरा 92 वोटो से जीते। सबसे बड़ा उलटफेर कुनकरी नगर पंचायत में हुआ है। सीएम विष्णुदेव साय की नगर पंचायत में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा है। कुनकरी नगर पंचायत में कांग्रेस के उम्मीदवार ने जीत का परचम लहराया है। जशपुर नगरपालिका परिषद के 20 वार्डों में कांग्रेस को 1, 1 निर्दलीय और 18 पर भाजपा की जीत हुई है। ध्यान रहे कि विनय शील प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अहम राजनीति सलाहकार रहे हैं।

## जांजगीर-चांपा में 6 पर भाजपा जीती कांग्रेस को 2 सीटे

जांजगीर-चांपा। जिले में हुए नगरीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। कुल 11 नगरीय निकायों में से 6 पर भाजपा ने कब्जा जमाया है, जबकि कांग्रेस को 2, बसपा को 1 और 2 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत हुई है। जिले की तीन नगर पालिकाओं में से जांजगीर-नैला में भाजपा की रेखा देवा गढ़ेवाल और चांपा में प्रदीप नामदेव ने जीत हासिल की। अकलतरा में निर्दलीय उम्मीदवार दीप्ति रोहित सारथी विजयी रहीं।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा इन दिनों चर्चा में है। इसके कई कारण हैं। पीएम मोदी की यात्रा से ठीक पहले अवैध प्रवासियों को अमेरिका ने जिस तरह हथकड़ियों में जकड़कर भारत भेजा, वह जहां भारत के लिए अपमानित करने वाला था, वहीं भारत में अमेरिका के इस कृत्य की काफी आलोचना हुई। यह माना गया कि पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ वार्ता में यूएस को इस बारे में भारत की नाराजगी से अवगत कराएंगे। पीएम मोदी के साथ वार्ता से चंद घंटे पहले अमेरिका ने रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा टैक्स) लगाने का ऐलान किया और वार्ता के बाद संयुक्त प्रेसवार्ता में मोदी के सामने ही ट्रंप ने कहा कि इस टैरिफ से भारत को भी छूट नहीं होगी। ट्रंप व मोदी की कथित दोस्ती के बीच अमेरिका का व्यवहार भारत के अनुकूल यथोचित नहीं कहा जा सकता है। हर देश को अवैध प्रवासियों के खिलाफ एक्शन का हक है और आयात पर टैरिफ लगाने का अधिकार है, लेकिन सबकुछ नियम व मर्यादा में होना चाहिए। मेहमान के सामने भी सम्मान का पालन होना चाहिए। जवाबी टैरिफ से विश्व में नया ट्रेड वार छिड़ने की संभावना है। शेयर बाजार दहशत में है। अपने व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए भारत पर आयात बढ़ाने का दबाव बढ़ाना भी उचित नहीं है। इन्हीं सब मुद्दों का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# कुटिल ट्रेड-कूटनीति की राह पर ट्रंप



विश्लेषण
प्रभात कुमार राय
विदेश मामलों के जानकार

**कूटनीतिक वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बड़े राजनेता के मुकाबले में एक बड़े व्यापारी के चरित्र के साथ अपना अंध-राष्ट्रवादी प्रेजिडेंशियल आचरण बाकायदा पेश किया है। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे का कुटिल कूटनीतिक नकाब धारण किए हुए, डोनाल्ड ट्रंप वस्तुतः अमेरिका को और अधिक दौलतमंद अमीर और ताकतवर मुल्क बना देने की मुहीम में बाकायदा जुट गए हैं, ताकि नव-साम्राज्यवादी फितरत वाला अमेरिका दुनिया पर और अधिक आर्थिक और राजनीतिक कहर बरपा सके। वर्ष 2025 में अमेरिकन प्रेसिडेंट के पद पर सत्तासीन होते ही ट्रंप द्वारा भारत को रक्षा सामग्री की बिक्री बढ़ाने की बातें कही गई हैं।**



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य प्रतिष्ठित कूटनीतिक वार्ता संपन्न हो गई। इस समस्त कूटनीतिक वार्ता का निचोड़ निकालें तो अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप की कुटील कूटनीति स्पष्ट तौर पर उभरकर सामने आ जाती है। कूटनीतिक वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बड़े राजनेता के मुकाबले में एक बड़े व्यापारी के चरित्र के साथ अपना अंध-राष्ट्रवादी प्रेजिडेंशियल आचरण बाकायदा पेश किया है। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे का कुटिल कूटनीतिक नकाब धारण किए हुए, डोनाल्ड ट्रंप वस्तुतः अमेरिका को और अधिक दौलतमंद अमीर और ताकतवर मुल्क बना देने की मुहीम में बाकायदा जुट गए हैं, ताकि नव-साम्राज्यवादी फितरत वाला अमेरिका दुनिया पर और अधिक आर्थिक और राजनीतिक कहर बरपा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण संधि से अमेरिका को पृथक कर लेने वाली ट्रंप की हुकूमत आखिरकार किस तरह से जॉर्ज वाशिंगटन और अब्राहम लिंकन के ऐतिहासिक तौर पर महान रहे अमेरिका को एक दफा फिर से महान बनाने की परिकल्पना में डुबकियां लगा रही है।

## रक्षा सामग्री की बिक्री बढ़ाने की बातें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई कूटनीतिक वार्ता के तत्पश्चात प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि भारत और अमेरिका के मध्य विद्यमान 45 अरब डॉलर के व्यापार घाटे को घटाने के लिए, अमेरिका द्वारा भारत को एफ-35 फाइटर जेट सहित अधिक तेल, गैस और सैन्य हार्डवेयर विक्रय किए जाएंगे। वर्ष 2025 में अमेरिकन प्रेसिडेंट के पद पर सत्तासीन होते ही ट्रंप द्वारा भारत को रक्षा सामग्री की बिक्री बढ़ाने की बातें कही गई हैं। ट्रंप ने फरमाया कि अमेरिका द्वारा भारत को कई अरब डॉलर की रक्षा सामग्री की बिक्री की जाएगी और भारत को एफ-35 फाइटर जेट बेचने के तौर-तरीके अमेरिका तलाश करेगा। उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका द्वारा जारी संयुक्त बयान में भारत द्वारा एफ-35 फाइटर जेट की खरीदारी के विषय में कहीं कोई भी उल्लेख नहीं है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने फरमाया कि एफ-35 फाइटर जेट बेचने की अमेरिका द्वारा भारत को पेशकश की गई है। भारत के समक्ष रूस में निर्मित एसयू-57 फाइटर जेट को खरीदने का सशक्त विकल्प पहले से ही विद्यमान है, जोकि अमेरिका में निर्मित एफ-35 लड़ाकू विमान के मुकाबले तकरीबन आधी कीमत में भारत के लिए उपलब्ध है। एस-यू 57 फाइटर जेट सैन्य तकनीकी दृष्टि से एफ-35 फाइटर जेट से कहीं अधिक बेहतर करार दिया जाता है। अमेरिका के एफ-35 फाइटर जेट की कीमत तकरीबन 6000 करोड़ रुपये से लेकर 8000 करोड़ रुपये तक है, जबकि रूस के एसयू-57 फाइटर जेट की कीमत तकरीबन 3000 करोड़ से लेकर 4000 करोड़ रुपये तक है। रूस की पुतिन सरकार की सबसे महत्वपूर्ण पेशकश यह है कि एसयू-57 फाइटर जेट को भारत में ही निर्मित करने के लिए रूस अपनी वैज्ञानिक तकनीक बाकायदा उपलब्ध कराएगा। जबकि अमेरिकन ट्रंप हुकूमत एफ-35 फाइटर जेट के निर्माण की तकनीक की अनुमति भारत को प्रदान करने के लिए तैयार नहीं है। उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका के मध्य व्यापार संतुलन अभी तक भारत के पक्ष में रहा है और भारत लगभग दो लाख करोड़ रुपयों की सामग्री का अमेरिका से आयात करता है और तकरीबन 4 लाख करोड़ के सामान का निर्यात करता है। इस तरह तकरीबन 2 लाख करोड़ रुपये का व्यापार मुनाफा भारत के पक्ष में रहता है।

## रिसिप्रोकल टैरिफ लगाएगा अमेरिका

नरेंद्र मोदी से मुलाकात के एक दिन पहले ही डोनाल्ड ट्रंप ने बयान दिया था कि अमेरिकन प्रशासन प्रत्येक देश पर रिसिप्रोकल टैरिफ आयाद करेगा। ट्रंप ने यह भी कहा था कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकन माल पर आयद अनुचित टैरिफ को घटाने की घोषणा की है, जो कि भारतीय बाजार में अमेरिकी सामान की पहुंच को कम कर देता है। डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि भारत जो भी टैरिफ अमरीकी माल पर आयाद करेगा उसी अनुपात में अमेरिका भी उतना टैरिफ भारतीय माल पर भी आयाद कर देगा। वर्ष 2030 तक नरेंद्र मोदी ने भारत और अमेरिका के मध्य व्यापार को दो गुना कर देने की बात भी कही है। अमेरिका में अवैध तौर पर निवास कर रहे अप्रवासी भारतीयों के विषय में मोदी ने कहा कि इस संवेदनशील समस्या पर हम दोनों के खयालात एक समान ही रहे हैं और अमेरिका में अवैध रूप से निवास कर रहे, किसी भारतीय का सत्यापन हो जाता है तो उन्हें भारत वापस में लेने के लिए भारत पूरी तरह से तत्पर है। उल्लेखनीय है कि भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने संसद में बयान दिया था कि भारत सरकार द्वारा अमेरिकी सरकार से बात करके यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अवैध तौर पर अमेरिका में रह रहे भारतवासियों के साथ वापस भेजते समय कोई दुर्व्यवहार नहीं किया जाएगा, जिस तरह का दुर्व्यवहार हथकड़ी और बेड़ियां लगाकर अप्रवासी भारतवासियों के साथ किया जा चुका है।

## अमानवीय व्यवहार पर आश्वासन नहीं

अमेरिका के अमानवीय व्यवहार पर मोदी सरकार की विपक्ष द्वारा कटु आलोचना की गई थी और भारत के आम नागरिकों में भी अमेरिका के विरुद्ध बहुत गुस्सा प्रकट हुआ था। दुर्भाग्य से भारच-अमेरीकी कूटनीतिक वार्ता में इस तरह का कोई भी आश्वासन प्रेसिडेंट ट्रंप द्वारा नरेंद्र मोदी को नहीं दिया गया। भारतीयों के लिए एच-वन बी वीजा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोई स्पष्ट उल्लेख अमेरिका-भारत के साझा बयान में नहीं किया गया है। भारत में सन् 2008 में मुंबई पर अंजाम दिए गए आतंकवादी आक्रमण के साजिशकर्ता दहशतगर्द तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत में प्रत्यार्पित किए जाने की अनुमति देने के लिए मोदी ने ट्रंप को धन्यवाद अदा किया है। नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात पहली बार अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में वर्ष 2017 में हुई थी। इसके बाद दोनों राजनेताओं के मध्य एक बेहतरीन व्यक्तिगत दोस्ती विकसित हुई। अमेरिका के हुयूस्टन नगर में हाउडी मोदी और भारत के अहमदाबाद नगर में नमस्ते ट्रंप के सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान यह दोस्ती और अधिक डंका बजा गई।

## टैरिफ कटौती में भारत को रियायत नहीं

व्हाइट हाउस में विगत मुलाकात के दौरान प्रेसिडेंट ट्रंप ने फरमाया कि आई मिस यू मिस्टर मोदी एट ऑल। सर्वविदित है कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में राजनेताओं की व्यक्तिगत दोस्ती से कहीं ऊपर उठकर देशों के राष्ट्रीय हित कारगर तौर पर शक्तिशाली होते हैं। भारत के लिए टैरिफ कटौती के प्रश्न पर प्रेसिडेंट ट्रंप द्वारा भारत को कदाचित कोई रियायत प्रदान नहीं की गई है। वर्ष 2021 तक भारत वस्तुतः अमेरिकन तेल के लिए एक बड़ा बाजार था। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में भारत ने बड़े पैमाने पर रूस से बाजार की तुलना में अपेक्षाकृत सस्ता तेल आयात करना प्रारंभ किया। प्रेसिडेंट ट्रंप के तमाम कूटनीतिक दबाव के बावजूद भारत भविष्य में तय करेगा कि उसको अमेरिका से कितना तेल और गैस खरीदना है, यह तो तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर आधारित होगा। ईरान के साथ भारत के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक तौर पर प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। ईरान के चाबहार बंदरगाह का निर्माण भारत कर रहा है। चाबहार बंदरगाह वस्तुतः ईरान और अफगानिस्तान के माध्यम से मध्य एशिया के साथ भारत की त्वरित कनेक्टिविटी कायम करने के लिए भारत की सामरिक रणनीति का हिस्सा है। प्रेसिडेंट ट्रंप की कूटनीति में ईरान जबरदस्त निशाने पर रहा है। क्या भारत फिर से अमेरिका कूटनीति के कुटिल दबाव में ईरान से तेल का आयात करना बंद कर देगा और चाबहार बंदरगाह का निर्माण कार्य रोक देगा, कदाचित नहीं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की अनदेखी कदापि नहीं कर सकेगा? भारत ने अमेरिका के जबरदस्त कूटनीतिक बावजूद रूस से तेल आयात करना कदाचित बंद नहीं किया, बल्कि आयातित तेल की मात्रा और अधिक बढ़ा दी गई है। क्वॉड के रणनीतिक मोर्चे पर भारत और अमेरिका सामरिक तौर पर साझेदार बने रहे हैं। क्वॉड मोर्चा वस्तुतः चीन के विस्तारवाद के विरुद्ध ही निर्मित हुआ था, और इसमें ऑस्ट्रेलिया और जापान दूसरे दो प्रमुख देश भी शामिल रहे हैं। इस वर्ष क्वॉड का वार्षिक सम्मेलन भारत में आयोजित होना है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रेसिडेंट ट्रंप को शिरकत करने का निमंत्रण दिया जा सकता है। चीन के विस्तारवाद पर और लद्दाख में उत्पन्न हुए सैन्य तनाव के बाद भारत और चीन के संबंधों के विषय में प्रेसिडेंट ट्रंप ने कहा कि लद्दाख में रक्त रंजित सैन्य झड़प बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और भयानक थी और भारत-चीन सरहद पर घटित हुई सैन्य झड़प आगे फिर ना हो, मैं इसमें क्या मदद कर सकता हूं? उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भारत, रूस और अमेरिका एक साथ आ जाएंगे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और चीन के मध्य शिथिल हुई ट्रेड वार डोनाल्ड ट्रंप के प्रेसीडेंशियल दौर में एक बार फिर से तीव्र गति से परवान चढ़ सकती है। क्योंकि अमेरिका और चीन के मध्य व्यापार संतुलन में चीन का पलड़ा बहुत अत्यधिक भारी रहा है और अमेरिका-चीन व्यापार में अमेरिका का व्यापार घाटा तकरीबन 295 बिलियन डॉलर का है।

## भारत से दोस्ती कायम रखने की ट्रंप से उम्मीद

भारत, मध्य पूर्व और यूरोपियन इकोनॉमिक कॉरिडोर पर प्रेसिडेंट ट्रंप ने कहा कि दुनिया में ऐतिहासिक रूप है। यह महान व्यापारिक मार्ग में से एक सिद्ध होगा, जिसके निर्माण में अमेरिका और भारत एक साथ काम करने के लिए सहमत हुए हैं। वस्तुतः चीन के विस्तार बात के विरुद्ध और ताइवान के हिफाजत करने के लिए भारत कूटनीतिक तौर पर अमेरिका के लिए एक विवशता है। अन्यथा सन् 1947 के बाद से ही जब से भारत आजाद हुआ और पाकिस्तान का निर्माण हुआ, अमेरिका सदैव पाकिस्तान का प्रबल पक्षधर बना रहा और पाकिस्तान को अपने नेतृत्व में सैन्य संधि सेंटो में भी शामिल किया था। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को सैनिक सरकार को आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्र प्रदान किए गए। प्रेसिडेंट ट्रंप ने अपने प्रथम कार्यकाल में पाकिस्तान के वास्तविक चरित्र को किसी हद तक पहचाना था और अमेरिका ने पाकिस्तान से दूरियां बनाकर उसकी सैन्य सहायता को रोका था। न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर अंजाम दिए गए 9/11 के आतंकवादी आक्रमण के बाद भारत और अमेरिका निकट आए और वैश्विक जेहादी आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट हुए। अमेरिका के राष्ट्रीय हित ही सही, उम्मीद है कि डोनाल्ड ट्रंप भारत के प्रति अपनी दोस्ती को कायम बनाए रखेंगे।

# चुनौतियों में कारोबार की नई संभावनाएं



द्विपक्षीय वार्ता
डॉ.जयंतीलाल भंडारी
वरिष्ठ अर्थशास्त्री

हाल ही में 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप एक हाथ से देने और दूसरे हाथ से लेने में अच्छी तरह से कामयाब दिखाई दे रहे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि द्विपक्षीय वार्ता के दौरान रणनीतिक रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप निष्पक्ष, मुक्त, पारस्परिक व्यापार के लिए एक योजना के तहत आगे बढ़े हैं और यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अमेरिका अब भारत की ओर से बहुत ज्यादा टैरिफ वसूले जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा तथा रेसिप्रोकल टैरिफ यानी पारस्परिक समान टैरिफ से व्यापार असंतुलन की चिंताओं को कम करेगा। ट्रंप ने सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ यानी प्रतिस्पर्धात्मक शुल्क लगाने का ऐलान किया। ट्रंप ने कहा कि जो देश अमेरिका पर जितना टैरिफ लगाता है, उस पर अमेरिका भी उतना ही टैरिफ लगाएगा। गौरतलब है कि द्विपक्षीय वार्ता में भारत और अमेरिका दोनों देशों ने व्यापार निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में कारोबार तथा वैश्विक व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर सहमति जताई है।

## 500 अरब डालर का लक्ष्य तय

दोनों देशों ने अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने, व्यापार पर गतिरोध के बीच टैरिफ को कम करने, अधिक अमेरिकी तेल, गैस और लड़ाकू विमानों की खरीदी के बारे में बात करने और रियायतों पर भी सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय बातचीत के दौरान भारत और अमेरिका के बीच वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के लिए 500 अरब डालर का लक्ष्य निर्धारित किया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति बढ़ाने के तहत भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के निर्माण के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं।



निश्चित रूप से प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच हुई अत्यधिक उत्साहजनक और सकारात्मक द्विपक्षीय वार्ता के बाद भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ संबंधी चुनौतियों के बावजूद कारोबार के नए ऐतिहासिक अध्यायों की डगर आगे बढ़ने की संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। चूँकि ट्रंप भारत की ओर से अमेरिकी उत्पादों पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने की शिकायत करते हुए भारत पर भी टैरिफ लगाने की बात लगातार कहते आए हैं। अब उनके द्वारा घोषित रेसिप्रोकल टैरिफ की नीति से भारत के भी अधिक टैरिफ वसूली की सीमा में आने की आशंका है। भारत ने पहले से ही इस बात को समझा है कि ट्रंप एक हाथ से लेने व दूसरे हाथ से देने में विश्वास करते हैं। यही कारण है कि भारत ने देखते ही देखते अपने यहां कुछ अमेरिकी सामान पर टैरिफ कम करना शुरू कर दिया।

## भारत ने आयात शुल्क घटाए

एक फरवरी को पेश वर्ष 2025-26 के बजट में भारत ने अमेरिका से आने वाली वस्तुओं जैसे महंगी मोटरसाइकिल, सैटेलाइट के लिए ग्राउंड इंस्टॉलेशन और सिंथेटिक फ्लेवरिंग एसेंस जैसे कुछ सामानों पर शुल्क घटा दिए हैं। साथ ही अब द्विपक्षीय वार्ता के आधारों पर दोनों देश एक-दूसरे के लिए उपयुक्त टैरिफ की डगर पर आगे बढ़ेंगे। निःसंदेह ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्वीकरण की जगह 'मेरा अमेरिका प्रथम' की धारणा को उच्च प्राथमिकता देते हुए अमेरिका की आत्मनिर्भरता की डगर पर बढ़ना शुरू कर दिया है। यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जहां एक फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन पर एक्स्ट्रा 10 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया, वहीं 4 फरवरी को चीन ने पलटवार करते हुए अमेरिका पर 15 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। इससे अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वार का नया दौर शुरू हो गया है।

## ट्रेड वार में भारत के लिए अवसर

यह ट्रेड वार भारत के लिए नए अवसर खोल सकता है। ऐसी अनुकूलता के बावजूद भी भारत के सामने नई द्विपक्षीय वार्ता से निर्मित चुनौतियों से निपटने की चिंताएं हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि व्हाइट हाउस की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ पर जारी एक फैक्ट्स शीट में कहा गया है कि अमेरिका जिन देशों को मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) का दर्जा देता है, उनके कृषि उत्पादों पर औसतन 5 फ़ीसदी टैरिफ लगाता है, लेकिन भारत जिन देशों को मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) का दर्जा देता है, उनके कृषि उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाता है।

## बराबर टैरिफ चाहते हैं ट्रंप

ट्रंप दोनों तरफ से बराबर टैरिफ चाहते हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि अगर ट्रंप प्रोडक्ट के ऊपर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएंगे, तो भारत पर अधिक असर नहीं पड़ेगा क्योंकि अमेरिका जो प्रोडक्ट भारत निर्यात करता है, वो कई प्रोडक्ट भारत अमेरिका को नहीं भेजता है। लेकिन अगर अमेरिका सेक्टर के तहत टैरिफ लगाता है, तो हो सकता है कि भारत को कुछ उत्पादों के निर्यात में मुश्किल का सामना करना पड़े। ऐसे में अमेरिका के रेसिप्रोकल टैक्स से काफी असर पड़ सकता है। बहुत सारे उत्पाद जैसे टेक्सटाइल और कृषि उत्पादों में भारत का आयात शुल्क ज़्यादा है, अगर अमेरिका भी वैसे आयात शुल्क उन्हीं सेक्टर के अलग-अलग प्रोडक्ट में लगाने लगे, तो भारत के लिए काफी मुश्किल हो जाएगी। रेसिप्रोकल टैरिफ से भारत का निर्यात प्रभावित होगा। टैरिफ के अलावा अमेरिका ने द्विपक्षीय वार्ता में कहा है कि भारत को अमेरिका से ज्यादा तेल मंगाना होगा। ऐसे में इस समय सबसे अधिक तेल कम मूल्यों पर रूस से स्थानीय मुद्रा रूबल के भुगतान से प्राप्त हो रहा है, वह अधिक मात्रा में अमेरिका से लेने पर डॉलर में भुगतान करना होगा। चूंकि इस समय डॉलर की तुलना में रुपये का मूल्य अब तक के सबसे निचले स्तर पर है।

# यूएस टैरिफ वार की दहशत में बाजार



अर्थव्यवस्था
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

अमेरिका ने अब नया युद्ध छेड़ा है। अमेरिका को ग्रेट बनाने के लिए। टैरिफ वार। इसके लिए किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा। मित्र राष्ट्र को भी नहीं। यानी भारत को भी नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता से कुछ ही घंटे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा शुल्क) के प्रस्ताव पर मुहर लगाई और मोदी के साथ वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस संबोधन में भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ आयद संबंधी सवाल पूछने पर ट्रंप ने छूटते ही कहा कि भारत भी मुक्त नहीं है। अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ नियमों से वैश्विक स्तर पर ट्रेड वार के तेज होने की संभावना है। इससे जहां दुनिया के स्टॉक मार्केट वोलेटाइल हालत में है, वहीं भारत समेत अनेक देश के निर्यात प्रभावित होंगे। माना जा रहा है कि अमेरिका का रेसिप्रोकल टैरिफ का फैसला चीन व कनाडा को अधिक प्रभावित करेगा, लेकिन हकीकत में विश्व के अनेक देशों पर असर पड़ेगा। अमेरिका में गत 20 जनवरी को सत्ता संभालने के दिन से ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में कई किंतु-परंतु का दौर शुरू है। सबसे अधिक शेयर बाजार प्रभावित हो रहे हैं। बाजार उठापटक तेज है, शेयरों का गिरना जारी है। अच्छी कंपनियों के शेयर भी चपेट में हैं। भारतीय स्टॉक मार्केट भी डर डर कर सरक रहा है।



## शेयर बाजार में अनिश्चितता

अब रेसिप्रोकल टैरिफ के फैसले के बाद शेयर बाजारों के और अधिक दहशत में रहने की संभावना बढ़ गई है। यह दौर कब कैसे थमेगा, कहना मुश्किल है। अप्रैल से लागू होने वाले ट्रंप के रेसीप्रोकल टैरिफ का असर भारत, जापान व यूरोपीय यूनियन सहित कई देशों पर पड़ेगा। यूएस निर्यात पर भारत का हाई टैरिफ रेट औसतन 9.5 फीसदी है, जबकि अमेरिका भारतीय सामानों पर केवल 3 फीसदी टैरिफ लगाता है। ऐसे में रेसीप्रोकल टैरिफ के चलते भारतीय निर्यातकों को अधिक शुल्क देना होगा। भारत के फूड प्रोडक्ट, सब्जियां, टेक्सटाइल और क्लॉथिंग सेक्टर के सबसे अधिक प्रभावित होने की संभावना है। इलेक्ट्रिकल मशीनरी, रत्न और आभूषण, फार्मा प्रोडक्ट, ऑटो, केमिकल, वाहन, ईंधन, लोहा और स्टील जैसे उत्पाद भारत अमेरिका को निर्यात करता है। भारत और अमेरिका के ट्रेड रिलेशन्स काफी कॉम्लेक्स हैं। जवाबी टैरिफ के ऐलान के बाद कॉम्लीकेटेड होने के आसार बढ़ गए हैं। अभी भारत करीब 30 उत्पादों पर टैरिफ कम करने के बारे में सोच रहा है, साथ ही व्यापार संबंधी तनावों को कम करने के लिए अमेरिका से डिफेंस और एनर्जी उत्पादों का आयात बढ़ाएगा।

## अमेरिका में भारत बड़ा निर्यातक

अमेरिका में भारत बड़ा निर्यातक है। अमेरिकी आयात में भारत का योगदान 18 फीसदी है। 2021-24 में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। अप्रैल-नवंबर 2024-25 में अमेरिका 82.52 अरब अमेरिकी डॉलर के आपसी व्यापार (52.89 अरब अमरीकी डॉलर का निर्यात, 29.63 अरब अमेरिकी डॉलर का आयात और 23.26 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार अधिशेष) के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। अभी करीब 38 अरब डॉलर व्यापार घाटा भारत के पक्ष में है। ट्रंप की जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा से भारत और अमेरिका के बीच अनिश्चित व्यापार माहौल उत्पन्न हो गया है। इसके बाद दोनों मुल्क व्यापार समझौतों को बढ़ावा देंगे।आपसी व्यापार समझौते की योजना से दोतरफा वाणिज्य को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। भारत को घरेलू उद्योगों की सुरक्षा और अमेरिका को निर्यात बढ़ाने के लिए सावधानी से कदम उठाने चाहिए। वाशिंगटन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता के बाद ट्रंप ने घोषणा की है कि भारत व्यापार घाटे को कम करने के लिए अमेरिका से अधिक तेल, गैस तथा सैन्य उपकरण खरीदेगा, हालांकि इस पर भारत अभी चुप है। आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) के मुताबिक, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि जवाबी शुल्क विशिष्ट उत्पादों या समूचे क्षेत्रों पर लागू होगा। भारतीय निर्यात संगठनों का महासंघ (फियो) के मुताबिक, भारत को घरेलू उद्योगों की सुरक्षा तथा लक्षित कूटनीति के जरिये अमेरिका को निर्यात बढ़ाने के बीच संतुलन बनाना होगा। एक सीमित तरजीही व्यापार समझौता पूर्ण पैमाने पर एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) की आवश्यकता के बिना शुल्क संबंधी चिंताओं को और कम कर सकता है। जवाबी शुल्क वास्तव में डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के नियम के विरुद्ध हैं। जवाबी शुल्क एक अत्यधिक समस्याग्रस्त मुद्दा है, क्योंकि ऐसे कई कारक हैं जिन्हें अमेरिका अपने सीमा शुल्कों पर निर्णय लेते समय ध्यान में रखेगा। सीमा शुल्क उनमें से एक कारक है। जवाबी शुल्क लगाने से ट्रंप प्रशासन भारत को कृषि जैसे क्षेत्रों पर शुल्क कम करने के लिए मजबूर कर सकता है, अन्यथा अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर अधिक शुल्क लगा देगा। वैसे जीटीआरआई का मानना है कि अमेरिका के रेसीप्रोकल टैरिफ से भारत को अधिक नुकसान नहीं होगा। इसके पीछे तर्क है कि दोनों देशों के निर्यात पॉकेट में काफी अन्तर है। जो सामान भारत निर्यात करता है, वही सामान भारत अमेरिका से आयात नहीं करता है। तो अमेरिकी टैरिफ का फर्क नहीं पड़ेगा। भारत को होने वाले अमेरिकी निर्यात के 75 प्रतिशत मूल्य पर औसत शुल्क पांच प्रतिशत से कम है। इसके विपरीत, भारत को कपड़ा, परिधान तथा जूते जैसी कई श्रम-प्रधान वस्तुओं पर उच्च अमेरिकी शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जो कई उत्पादों पर 15-35 प्रतिशत के बीच है। अमेरिका पहले ही इस्पात तथा एल्युमीनियम पर 25 प्रतिशत का शुल्क लगाने की घोषणा कर चुका है जो उसकी जवाबी शुल्क की कार्रवाई से परे है।

# लहर नहीं सुनामी थी, निगमों से कांग्रेस का नामोंनिशान तक मिटा दिया

चुनाव विशेष

*नगरीय निकाय चुनावों में जिस तरह से माहौल था उससे आम जनता को भी आभास हो चुका था कि नगर सरकार भाजपा की आने वाली है। आत्मविश्वास में जिस तरह से फर्क था, उससे भी यह पता लगाना आसान था। जहां भाजपा के बड़े नेता दावा कर रहे थे कि सभी नगर निगमों में पार्टी जीत हासिल करेगी, वहीं कांग्रेस के बड़े नेताओं के उम्मीद की सुई छह-सात नगर निगमों पर ही टिकी थी। जब नतीजे आये तो सभी को यह महसूस हुआ कि जिसे वे लहर समझ रहे थे, वो तो भाजपा की सुनामी थी जिसने नगरीय निकायों से कांग्रेस के अंतिम पदचिन्हों तक को हटा दिया।*

*शहरी सरकार के लिए इस अभूतपूर्व जनादेश के कई कारण हो सकते हैं। सबसे पहले तो इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को श्रेय दिया जाना चाहिए। जगदलपुर से लेकर अंबिकापुर तक उन्होंने धुआंधार प्रचार किया और सभी निगमों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया। एक साल के भीतर जिस तरह से उन्होंने मोदी की गारंटी को क्रियान्वित किया और जनादेश परब मनाया, इससे आम जनता का भरोसा दृढ़ हुआ और उन्होंने तय कर लिया कि डबल इंजन की इस सरकार में एक तीसरा इंजन जोड़ने का वक्त आ गया है।*

*विष्णु का सुशासन, यह टैगलाइन भी काम कर रहा है। जनता ने देखा कि भ्रष्टाचार पर साय सरकार ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। साफ पारदर्शी प्रशासन का सरकार का दावा जमीन में नजर आ रहा है। विष्णु देव साय की साफ, सरल छवि भी जीत का एक बड़ा कारण है। उनका अहंकार से मुक्त स्वभाव लोगों को भाता है यह ऐसा गुण है जो राजनीति में बेहद दुर्लभ है और कई बार अच्छी कार्यकुशलता के बावजूद केवल इसी कमी की वजह से जनता चुनावों में हेकड़ी निकाल देती है।*

*अक्सर चुनावी रणनीतिकार कहते हैं कि राजधानी के मतदाताओं के मूड से पूरे प्रदेश का चुनावी मूड तय होता है ऐसे में रायपुर पर नजर डालना जरूरी है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस को तबाह करने वाली सुनामी के केंद्र में रायपुर था और रायपुर में भी इसका सबसे ज्यादा असर दिखा, पूर्व महापौर एजाज ढेबर के वार्ड में। यहां उन्हें 15 सौ वोटों से हार मिली। इसका साफ मतलब है कि उन्हें बहुत से अल्पसंख्यक वोट भी नहीं मिले होंगे।*

*अब जब कांग्रेस नतीजों का मंथन करेगी तो पांच साल पहले की गई उस गलती पर जरूर पश्चाताप होगा जब महापौर का निर्वाचन अप्रत्यक्ष कर दिया गया था। संगठनात्मक रूप से कांग्रेस और भाजपा की चुनावी तैयारियां देखें तो बहुत फर्क नजर आता है। भाजपा ने विष्णु देव साय के नेतृत्व में एक संगठित चुनाव लड़ा। कांग्रेस के दिग्गज नेता बिखरे रहे और चुनावों के बीच में ही भविष्य के नेतृत्व के लिए भी चर्चा करते रहे, जनता के बीच गुटबाजी सामने आ चुकी थी।*

*भाजपा का माइक्रो मैनेजमेंट शानदार रहता है और इस बार भी दिखा। परिसीमन होने के बाद कांग्रेस को ज्यादा तैयारियां करनी थीं लेकिन ऐसा कुछ नजर नहीं आया। भाजपा ने बूथवार तैयारी की और इसका असर वार्डों में भी जीत के रूप में दिखा।*

*जब मुख्यमंत्री ने प्रेसवार्ता ली तो साल भर की कड़ी मेहनत की चमक उनकी आँखों में साफ नजर आ रही थी। भूपेश बघेल उन पर मीडिया में, सभाओं में हमले करते रहते हैं और जशपुर में उनके गृह जिले में भी नगरीय निकायों के चुनाव के दौरान उन्होंने ऐसा ही किया लेकिन अपने स्वभाव के अनुकूल वे शांत रहे। प्रेस वार्ता में किसी ने उनसे पूछा कि भूपेश बघेल को कांग्रेस ने राष्ट्रीय महासचिव बनाया है आप क्या सोचते हैं। इसके उत्तर में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव बनने की खुशी में उनकी विधानसभा के मतदाताओं ने उन्हें गिफ्ट दे दिया है। पाटन की ओर से जशपुर में अपने प्रतिद्वंदी के लिए जो सवाल भूपेश छोड़ आये थे, उसके जवाब के लिए पुख्ता समय चुनते हुए साय ने हिसाब बराबर कर दिया।*

*कांग्रेस के सबसे दुर्भेद्य गढ़ माने जाने वाले छत्तीसगढ़ में उनका गढ़ दरकने लगा है और आज नगरीय निकाय चुनावों में जो क्षति पहुंची है, उसकी पूर्ति के लिए कड़ी मेहनत पार्टी को करनी होगी। वहीं अब ट्रिपल इंजन की सरकार हो जाने से जनाकांक्षाओं की पूर्ति करना साय सरकार के लिए आसान होगा।*

*शहरी मतदाताओं के बीच जिनमें बड़ी संख्या ऐसे लोगों की होती है जो फ्रीबीज का लाभ नहीं लेते, चुनाव काफी कठिन हो जाता है और ऐसे में एक सुनामी जनादेश से नतीजे अपने पक्ष में करना निःसंदेह विष्णु देव साय के रिपोर्ट कार्ड में चार चाँद लगाता है।*

# 119 भारतीयों को लेकर आया अमेरिकी विमान, अमृतसर में हुई लैंडिंग

**आने वालों में 100 लोग हैं पंजाब और हरियाणा से**

**आज भी आएगा तीसरा विमान इसमें सवार होंगे 157 भारतीय**




एजेंसी ▶▶| अमृतसर

अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे 119 भारतीयों को लेकर अमेरिकी विमान पंजाब के अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड कर चुका है। अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ लेने के बाद यह दूसरी बार है जब 100 से ज्यादा भारतीयों को संयुक्त राज्य अमेरिका से निर्वासित किया गया हो।

निर्वासित किए गए इन 119 लोगों में से 100 लोग पंजाब और हरियाणा से हैं। इनमें पंजाब के 67, हरियाणा के 33, गुजरात के आठ, उत्तर प्रदेश के तीन, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान के दो-दो तथा हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर का एक-एक नागरिक है। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक अवैध प्रवासियों के इस दूसरे समूह में चार महिलाएं और दो नाबालिग शामिल हैं, जिनमें एक 6 साल की बच्ची भी है। इनमें से ज्यादातर निर्वासित लोगों की उम्र 18 से 30 साल के बीच है। इसी बीच खबर है कि रविवार को निर्वासित भारतीयों को लेकर तीसरा विमान भारत पहुंचेगा। सूत्रों के मुताबिक इस विमान में 157 भारतीय सवार होंगे।

अमेरिका से निर्वासितों को लेकर आ रहे दूसरे विमान को भी अमृतसर में लैंड करवाने की अनुमति देने को लेकर पंजाब सीएम मान ने आपत्ति दर्ज की है। मान ने कहा कि अमेरिका से आने वाले विमानों को बार-बार पंजाब में उतरवाकर केंद्र सरकार राज्य को बदनाम करने की साजिश कर रही है।

### 5 फरवरी को आया था पहला सैन्य विमान

इससे पहले ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही दिनों बाद यानी 5 फरवरी को अमेरिका का एक सैन्य विमान 104 अवैध अप्रवासियों को लेकर अमृतसर पहुंचा था। इन 104 लोगों में से कई राज्यों के लोग शामिल थे। इन लोगों को हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां डालकर लाया गया था, जिसकी संसद से लेकर सड़क तक काफी आलोचना हुई थी। एयरपोर्ट पर इन लोगों के रिकॉर्ड्स को चेक करके इन्हें अपने-अपने घरों की तरफ रवाना कर दिया गया था।

# चुनाव हारने के बाद आप में फूट, 3 पार्षद भाजपा में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद आम आदमी पार्टी का अंत तय माना जा रहा है। दिल्ली में जीत का दावा करने वाली आप को चुनाव में बुरी तरह पटखनी खाने को मिली है। इसके बाद अब आप के लिए एक के बाद एक बुरी खबर सामने आ रही है। पहले तो सत्येंद्र जैन के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की गई।

इसके बाद दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शीश महल मुद्दे पर जांच के आदेश दे दिए गए हैं। अब आम आदमी पार्टी के 3 पार्षद पार्टी छोड़ बीजेपी में शामिल हो गए हैं।

### ट्रिपल इंजन की बनेगी सरकार?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली में जैसे ही आम आदमी पार्टी हारी है, पार्टी का पतन शुरू हो गया है। उधर पंजाब में आप सरकार में भी सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। सीएम मान की सरकार और केंद्र सरकार के बीच तनातनी जारी है। अब दिल्ली की छोटी सरकार जिसे नगर निगम कहते हैं, उसमें भी आप की खटिया खड़ी होने वाली है। दिल्ली की छोटी सरकार पर भी जल्द ही भाजपा का कब्जा होने वाला है।

## टी-शर्ट पहनाई लिखा- 'न भूलेंगे, न माफ करेंगे'

# इजराइल ने 369 फिलिस्तीनी कैदियों को और किया रिहा

**हमास ने भी तीन इजरायली को किया रिहा, गाजा युद्धविराम समझौता**





एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

हमास की कैद से इजराइली बंधकों की रिहाई के बाद इजराइल ने भी शनिवार को 369 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ दिया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इन कैदियों को एक खास तरह की टी-शर्ट पहनाकर रिहा कर दिया है। इस पर 'हम न भूलेंगे और न माफ करेंगे' लिखा हुआ है। दरअसल, हमास हर बार इजराइली बंधकों की रिहाई से पहले एक इवेंट करता है। इसमें बंधकों को लाया जाता है और उनसे हमास की तारीफ करवाई जाती है। इस इवेंट में हजारों फिलिस्तीनी जुटते हैं। इजराइल इसी बात से नाराज है।

आज भी हमास ने 3 इजराइली बंधकों को रिहा किया और इवेंट का आयोजन किया। सीजफायर डील के तहत इन तीनों बंधकों को गाजा के खान यूनिस इलाके में सुबह 10 बजे (इजराइली समय के मुताबिक) रेड क्रॉस के हवाले किया गया। इसके बाद इन्हें इजराइली सेना के हवाले कर दिया गया। रिहा होने वाले तीनों पुरुष बंधकों के नाम सागुई डेकेल-चेन, साशा ट्रोफानोव और इएयर हॉर्न हैं।

### उम्रकैद की सजा काट रहे थे 36 कैदी

रिहा होने वाले 369 कैदियों में से 36 उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। बाकी 333 कैदियों को इजराइल ने गाजा जंग के बाद गिरफ्तार किया था। 498 दिन बाद इजराइल लौटे तीनों बंधक पिछले महीने लागू हुए सीजफायर डील के तहत बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की यह छठी अदला-बदली थी। इस बार रिहा हुए तीनों इजराइली बंधक पिछले सप्ताह रिहा हुए बंधकों की तुलना में ज्यादा स्वस्थ नजर आ रहे थे। दरअसल, पिछली बार रिहा हुए तीनों बंधक बेहद दुबले हो गए थे। इजराइल ने उनकी हालत को लेकर हमास की आलोचना भी की थी। हमास अब तक इजराइल के 19 और थाईलैंड के 5 बंधकों को रिहा कर चुका है। आईडीएफ ने कहा कि रिहा किए गए तीनों बंधक 498 दिन के बाद इजराइल लौटे हैं। इन तीनों को मेडिकल चेकअप के लिए आईडीएफ कैंप ले जाया जाएगा। इसके बाद इन्हें उनके परिवारों से मिलाया जाएगा। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हजारों लड़ाकों ने इजराइल पर हमला कर 1200 लोगों की हत्या कर दी थी। इसके साथ 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया था।

### हमास ने इन्हें किया रिहा

हमास ने अलेक्जेंडर ट्रोफानोव (29 वर्षीय रूसी-इजरायली), यायर हॉर्न (46 वर्षीय अर्जेंटीनी-इजरायली) और सगुई डेकेल-चेन (36 वर्षीय अमेरिकी-इजरायली) को रिहा किया है। आईडीएफ ने एक्स पर जानकारी दी कि तीनों बंधकों को वर्तमान में आईडीएफ और आईएसए बलों के साथ इजरायली क्षेत्र में वापस भेजा जा रहा है। जहां उनका प्रारंभिक चिकित्सा मूल्यांकन किया जाएगा।

# बवाल, रूसी बीयर की कैन पर महात्मा गांधी की तस्वीर




**वायरल फोटो देख भड़के कार्रवाई की मांग**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर रूस के एक बीयर ब्रांड ने कथित तौर पर अपने कैन पर महात्मा गांधी की तस्वीर छापने के कारण लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। ओडिशा के एक सामाजिक-राजनीतिक नेता सुपर्णो सत्पथी द्वारा महात्मा गांधी की तस्वीर वाले रिवॉर्ट बीयर कैन की फोटोज शेयर करने के बाद विवाद शुरू हो गया है।

एक्स पर एक पोस्ट में सत्पथी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूरे मामले में हस्तक्षेप करने और रूसी अधिकारियों के साथ इस मुद्दे को सुलझाने का आग्रह किया। सत्पथी ने अपने एक्स पोस्ट के कैप्शन में कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मेरा विनम्र अनुरोध है कि वे इस मामले को अपने मित्र रूस के प्रेसिडेंस के सामने उठाएं। यह पाया गया है कि रूस का रिवॉर्ट गांधीजी के नाम पर बीयर बेच रहा है।' इंस्टाग्राम पर भी, दो भारतीय पुरुषों का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वे रिवॉर्ट बीयर कैन पकड़े हुए हैं। जैसे ही बीयर कैन की तस्वीरें ऑनलाइन स्प्रेड हुईं, कई सोशल मीडिया यूजर्स ने ब्रांड की निंदा की और इसे अपमानजनक बताया।

# अपनी समुद्री यात्रा के तीसरे पड़ाव 'केप हॉर्न' को पार कर आगे बढ़ी तारिणी की टीम

- तारिणी पोत के जरिए दुनिया का चक्कर लगाने निकली हैं नौसेना की दो जांबाज महिला अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लगातार हो रही भयंकर बारिश, समुद्र में 75 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती हवाओं और 5 मीटर से ज्यादा ऊंची उठती लहरों के बीच नौसेना के तारिणी पोत पर सवार दो महिला अधिकारियों लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना.के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए ने 'केप हॉर्न' को सफलतापूर्वक पार अपना नाम इतिहास के स्वर्णाक्षरों में दर्ज करा दिया है। यह इलाका दक्षिण अमेरिका के सबसे निचले छोर पर स्थित है। नौसेना ने शनिवार को बताया कि यह दोनों महिला अधिकारी नाविका सागर परिक्रमा-2 अभियान के तहत तारिणी पोत पर सवार होकर समुद्र के जरिए पूरी दुनिया का चक्कर लगाने निकली हैं। अभी ये अपनी यात्रा के तीसरे पड़ाव पर हैं, जिसमें इन्होंने केप हॉर्न को पार किया है।

### ब्रिटिश खोजकर्ता ने ढूंढा था यह मार्ग

नौसेना ने बताया, केप हॉर्न तक पहुंचने के लिए नाविकों को ड्रेक मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। जो अपनी अविश्वसनीय जलधाराओं, प्रचंड वेग के साथ चलती मारक हवाओं, गगनचुंबी लहरों और अप्रत्याशित मौसम के लिए जाना जाता है। इसकी खोज ब्रिटिश समुद्री मार्ग खोजकर्ता सर फ्रांसिस ड्रेक ने की थी। उनके नाम पर ही इस मार्ग का नाम ड्रेक पैसेज पड़ा था। ड्रेक ने ही दुनिया तक इस बात की जानकारी पहुंचाई थी कि दक्षिण अमेरिका के दक्षिण से भी एक खुला हुआ समुद्री मार्ग होकर गुजरता है। बीते वक्त में कई अनुभवी समुद्री नाविकों ने इस क्षेत्र की परिस्थितियों को जांचा है।

### दोनों महिलाओं को मिली केप हॉर्नर्स की पदवी

चुनौतीपूर्ण समुद्र में नौसेना की दोनों महिला अधिकारियों द्वारा सफलता के साथ पूरी की गई यात्रा के साथ इन्होंने केप हार्नर्स जैसी विशिष्ट उपलब्धि अपने नाम कर ली है। पारंपरिक रूप से यह उपाधि समुद्री यात्रियों और नाविकों के विशेष समूह को प्रदान की जाती है। जिन्होंने सफलता के साथ केप हॉर्न को पार किया हो। केप हॉर्न, अंटार्कटिका से 800 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह बर्फीले महाद्वीप से बेहद निकट स्थित जमीनी स्थान है। इस क्षेत्र की यात्रा करने के लिए न केवल विशेष प्रकार के समुद्री दिशा ज्ञान की विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। बल्कि दक्षिणी महासागर की चुनौतीपूर्ण हालात से निपटने की क्षमता भी होनी चाहिए।






# प्रधानमंत्री मोदी जन्म से पिछड़े वर्ग से नहीं : सीएम रेड्डी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जोरदार हमला बोला है। तेलंगाना सीएम ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी जन्म से पिछड़े वर्ग (बीसी) से नहीं हैं और उनकी मानसिकता पिछड़ा वर्ग विरोधी है। रेड्डी ने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस यदि आवश्यक हुआ, तो मोदी के खिलाफ लड़ाई की घोषणा करेगी।

क्योंकि केंद्र ने हैदराबाद मेट्रो रेल के विस्तार जैसी परियोजनाओं को मंजूरी नहीं दी है। कुछ लोगों की इस टिप्पणी का जिक्र करते हुए कि रेवंत रेड्डी तेलंगाना के अंतिम रेड्डी मुख्यमंत्री होंगे, उन्होंने कहा कि उन्हें अंतिम होने में कोई आपत्ति नहीं होगी।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda** क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10, भिलाई (छ.ग.) - 490006 फोन: 0788-2261892, 2264992, ई-मेल recovery.durg@bankofbaroda.com

**बिक्री सूचना संपत्तियों की ई-नीलामी-** "परिशिष्ट- IV - ए (नियम 8(6) और 9(1) देखें)"

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत चल/अचल संपत्तियों की ई-नीलामी रखी गई है। इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेषकर ऋणी, बंधककर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित दृष्टिबंधक / गिरवी / बंधक चल / अचल संपत्तियां जो कि प्रतिभूति लेनदार के पक्ष में, जिनका सांकेतिक / भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है कि बिक्री निम्नवर्णित खातों में वसूली के लिए ई-नीलामी द्वारा " जो है जहां है ", " जो है जैसी है " एवं " जो कुछ भी है " के आधार पर रखी गई है। कर्जदारों / जमानतदारों / सिक्योर्ड एसेट्स / बकाया / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तारीख, समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है-

| क्र. | ऋणकर्ता/जमानतदार(ओं) बंधककर्ता (ओं) का विवरण | चल/अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण के साथ बैंक की जानकारी में कोई अधिभार नहीं है. | कुल बकाया राशि | 1. आरक्षित मूल्य 2. धरोहर एवं 3. बोली वृद्धि राशि | कब्जे का स्वरूप सांकेतिक/भौतिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मेसर्स सत्या आयरन एंड स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड पंजीकृत पता: 252, पार्थिव प्रशांत, टाटीबंध रायपुर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001, फैक्टरी का पता: प्लॉट नं. - 5/एल, भारी औद्योगिक क्षेत्र, हथखोज, भिलाई, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़- 490026 | संपत्ति 1: साम्यिक बंधक आवासीय भूमि और भवन स्थित बंगला नं.- बी-03 (क्षेत्रफल- 3000 वर्गफीट) खसरा नं.- 300,301,302,303,305,306,307/1-2,308/1-2-3-4,309-1-2,310,311,312/3-4-5,313,314/1-2-3-4,315/1-2-3,316/2-4-5,317,318/1-2,319/1-2-3-4-5,320/1-2-3-4-5,321,322,327,312/1,316/1-3, 320/4, 208/4 म्यूटेशन के बाद परिवर्तित खसरा नं. - 320/9, प्लाट स्थित वालफोर्ट सिटी, ग्राम - भाठागांव, प.ह.नं. - 105/47, वार्ड नं. - 63, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, रिंग रोड नं.-1 के पास, आरआईसी सर्कल-रायपुर, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) है जो श्री अंजु शर्मा पति श्री राजेश शर्मा के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- बंगला नं.- बी-04, दक्षिण- बंगला नं.- बी-02, पूर्व- बंगला नं.- बी-14, पश्चिम- कांक्रीट रोड |  | रु. 210.65 लाख रु. 21.07 लाख रु. 50,000.00 | सांकेतिक कब्जा |
|  | श्री राजेश शर्मा पिता श्री सुरेश शर्मा (निदेशक/जमानतदार), श्रीमती अंजू शर्मा पति श्री राजेश शर्मा (निदेशक/जमानतदार), श्री प्रिंस शर्मा पिता श्री राजेश शर्मा (जमानतदार) पता 1: बी-3, वॉलफोर्ट सिटी, रिंग रोड नंबर 1, भाठागांव के पास, रायपुर, जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001 पता 2: एच.नं. 1662, सेक्टर 13, हिसार हरियाणा, भारत- 125001 | संपत्ति 2: साम्यिक बंधक कॉमर्शियल शॉप नं.-643 (छठवां तल), क्षेत्रफल- 216 वर्गफीट, खसरा नं.- 386/3 एवं 367/24 का भाग स्थित कॉमर्शियल "गोल्डन ट्रेड सेंटर" कॉन्डोमिनियम, वार्ड नं. 46, राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, ग्राम टिकरापारा, प.ह.नं.- 114/45 आर.आई सर्कल- रायपुर- 2, तहसील एवं जिला - रायपुर (छ.ग.) है जो श्री राजेश शर्मा पिता श्री सुरेश शर्मा के नाम पर है. सीमाएं: उत्तर - गलियारा, दक्षिण - दुकान/कार्यालय इकाई नं. - 644, पूर्व - दुकान/कार्यालय इकाई नं.- 642, पश्चिम - गलियारा. |  | रु. 15,50,000.00 रु. 1,55,000.00 रु. 10,000.00 | सांकेतिक कब्जा |
|  | मेसर्स सत्या आयरन एंड स्टील प्रोप. श्री प्रिंस शर्मा, प्लॉट नंबर 5/एफ, भारी औद्योगिक क्षेत्र, हथखोज भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490026 | संपत्ति 3: साम्यिक बंधक आवासीय फ्लैट/अपार्टमेंट नं.- 252, (सुपर निर्मित क्षेत्रफल- 1045 वर्गफीट) पांचवी मंजिल, "पार्थिवी प्रेस्टिजियस मेपल ब्लॉक", ईश्वरी प्रसाद शुक्ल वार्ड नं.- 14, एम्स के पास जीई रोड, खसरा नं.- 164/7-10-11-12,165/10-11 एवं 166/1, प.ह.नं.-104, ग्राम टुमर तालाब, आरआई सर्कल रायपुर- 1, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) है जो श्री राजेश शर्मा पिता श्री सुरेश शर्मा के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- फ्लैट नं. 351, दक्षिण- फ्लैट नं. 251, पूर्व- मार्ग, पश्चिम - मार्ग. | रु. 2634.69 लाख | रु. 37,30,000.00 रु. 3,73,000.00 रु. 10,000.00 | सांकेतिक कब्जा |
|  |  | संपत्ति 4: साम्यिक बंधक आवासीय फ्लैट स्थित अपार्टमेंट ए-1004, दसवीं मंजिल, वालफोर्ट हाईट फेस- 1, रिंग रोड नं.-1, मौजा भाठागांव, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड नं.- 63, खसरा नं.-299/2 एवं 303/3, प.ह. नं.- 105, रिंग रोड नं.- 1 के पास, रायपुर, तहसील एवं जिला - रायपुर (छ.ग.) है जो श्रीमती अंजु शर्मा के नाम पर है. क्षेत्रफल - 1367 वर्गफीट या 128.11 वर्गमीटर. सीमाएं: उत्तर- मार्ग, दक्षिण- ब्लॉक-बी, पूर्व- फ्लैट नं. ए 1002, पश्चिम- खुला हुआ. | + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 62,30,000.00 रु. 6,23,000.00 रु. 10,000.00 | सांकेतिक कब्जा |
|  |  | संपत्ति 5: साम्यिक बंधक लीज होल्ड इंडस्ट्रियल भूमि एवं फैक्ट्री भवन/शेड स्थित प्लाट नं. - 5/एल हैवी इंडस्ट्रियल एरिया, हथखोज, भिलाई, तहसील एवं जिला दुर्ग, क्षेत्रफल - 3.25 एकड़ है जो मेसर्स सत्या आयरन एंड स्टील प्रा. लिमि. के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- प्लॉट नं. 5/जी-आई, 5/जी-2, 5/जी (ए)-2,5/11, दक्षिण- सड़क, पूर्व- प्लॉट नं. 5/ए, पश्चिम- प्लॉट नं. 4/ओ और 4/ई. |  | रु. 647.66 लाख रु. 64.77 लाख रु. 50,000.00 | भौतिक कब्जा |
|  |  | संपत्ति 6: साम्यिक बंधक लीज होल्ड इंडस्ट्रियल भूमि एवं फैक्ट्री भवन/शेड स्थित प्लाट नं. - 5/एफ हैवी इंडस्ट्रियल एरिया, हथखोज, भिलाई, तहसील एवं जिला दुर्ग, क्षेत्रफल - 43200 वर्गफीट 4014.35 वर्गमीटर हैं जो मेसर्स सत्या आयरन एंड स्टील प्रोप. श्री प्रिंस शर्मा के नाम पर हैं. सीमाएं : उत्तर - 60 फीट रोड, दक्षिण - प्लॉट नं.5/सी, पूर्व-प्लॉट नं.6, पश्चिम-प्लॉट नं.5/जी. |  | रु. 65.20 लाख रु. 6.52 लाख रु. 10,000.00 | भौतिक कब्जा |
|  |  | संपत्ति 7: संयंत्र एवं मशीनरी |  | रु.380.00 लाख रु.38.00 लाख रु.50,000.00 | भौतिक कब्जा |
| 02 | मेसर्स मुन्ना मौर्या बेवरेजेस शॉप प्रोप. सुश्री पायल मौर्या, सुश्री पायल मौर्या पिता श्री जय प्रकाश, श्री जय प्रकाश मौर्य पिता श्री बंशीधर मौर्य, 330, प्रथम तल, आम्बेडकर नगर, रोड नं.18, वार्ड नं. 21, कैंप 1, सुपेला भिलाई, छ.ग. - 490023. | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल भूमि एवं भवन स्थित रोड नं.- 18, सुभाष चौक के पास, कैंप- 1, प्रेम नगर, वार्ड नं.- 16, तहसील एवं जिला - दुर्ग, छ.ग. क्षेत्रफल - 282.339 वर्गफीट. सीमाएं : उत्तर : श्री अब्दुल माजिद का मकान, दक्षिण: गली, पूर्व: गली, पश्चिम: 18 नंबर रोड | रु. 49,98,594.39 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 14,58,000.00 रु. 1,45,800.00 रु. 10,000.00 | भौतिक कब्जा |
| 03 | मेसर्स अजेश ऑटोमोबाइल्स प्रो. योगेश कुमार गुप्ता, ई/23, ट्रांसपोर्ट नगर, पेंड्री, राजनांदगांव, जिला - राजनांदगांव, छ.ग.- 491441 श्री योगेश कुमार गुप्ता उर्फ अजेश गुप्ता (उधारकर्ता/प्रोप.), प्लाट नं.आई-2, चंद्रा कॉलोनी स्टेडियम रोड, सबरास होटल के पास, कौरिनभाठा, राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छ.ग.-491441 श्री अजेश गुप्ता पिता श्री बृजकिशोर गुप्ता (जमानतदार) प्लाट नं.आई-2, चंद्रा कॉलोनी स्टेडियम रोड, सबरास होटल के पास, कौरिनभाठा, राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छ.ग. - 491441 | आवासीय भूमि एवं भवन स्थित प्लाट नं.- I-2 का प्लाट नं.-76, खसरा नं.- 447/55, (जिसमें 447/2, 448/1,2,3,4 और 453/11 शामिल है.) वार्ड नं.-43, शीट नं.-17, प.ह.नं.-38, स्थित चंद्र गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, कौरिनभाठा, राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, क्षेत्रफल- 1645 वर्गफीट है जो श्री अजेश गुप्ता पिता श्री बृज किशोर गुप्ता के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर : संस्था रोड, दक्षिण : कन्हैया सिंह ठाकुर का खुला प्लाट, पूर्व : राजेश गुप्ता का प्लाट, पश्चिम: संस्था रोड का खुला प्लाट | रु. 43,27,892.22 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 55,45,000.00 रु. 5,54,500.00 रु. 10,000.00 | सांकेतिक कब्जा |
| 04 | मेसर्स अंशुपूर्णा फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्रोप. श्रीमती कौशल पूर्णा पति श्री जगन्नाथ, ग्राम- मानिकपुर, ब्लॉक - बोड़ला, जिला - कबीरधाम, छ.ग. | सर्वे नं. - 20/6, क्षेत्रफल - 0.162 हेक्टेयर, स्थित ग्राम- मानिकपुर, तहसील - बोड़ला, जिला- कबीरधाम - 491995 है जो श्रीमती कौशल बाई पति श्री जगन्नाथ के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर - बहादुर की संपत्ति, दक्षिण: रोड, पूर्व: जगन्नाथ की संपत्ति, पश्चिम: समेलाल की संपत्ति. | रु. 12,80,370.72 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 10,22,000.00 रु. 1,02,200.00 रु. 10,000.00 | सांकेतिक कब्जा |

ई-नीलामी की तिथि एवं समय 20.03.2025, दोपहर 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक एवं संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय 15.03.2025 प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक। बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाइन ई-नीलामी पोर्टल https://baanknet.com में दिये गये लिंक का संदर्भ लें. भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से मो. नं. 8817410471 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 16.02.2025, स्थान: भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

# अग्रेसिव हाइब्रिड फंड शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव दौरान मुनाफे का सौदा

▶▶ परिसंपत्ति का 65 से 80% आवंटन शेयरों में किया जाता है निवेश
▶▶ शेष बॉन्ड में लगाया जाता है, इसमें नुकसान होने बेहद कम चांस
▶▶ शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव निवेशकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती
▶▶ संतुलित परिसंपत्ति आवंटन से चुनौतियों से निपटने में समर्थ

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव निवेशकों के लिए हमेशा से ही एक चुनौती बनी हुई है। इसके साथ ही लंबे इंतजार के बाद ब्याज दर में कटौती की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में निवेश के मोर्चे पर संतुलित दृष्टिकोण अपनाने के लिए अग्रेसिव हाइब्रिड म्युचुअल फंड के जरिये निवेश समझदारी भरा कदम हो सकता है। बाजार के जानकारों का कहना है कि 'वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, मुद्रास्फीति के दबाव और ब्याज दर में संभावित कटौती जैसी आशंकाओं के कारण शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव वाले मौजूदा माहौल में निवेश के लिए अग्रेसिव हाइब्रिड फंड बिल्कुल उपयुक्त हैं। ये संतुलित परिसंपत्ति आवंटन के कारण ऐसे फंड इन चुनौतियों से निपटने में अधिक समर्थ होते हैं।' 'हाइब्रिड फंड सभी परिस्थितियों के लिए उपयुक्त होते हैं। ये फंड इक्विटी बाजार में नए निवेशकों के लिए सबसे अच्छे होते हैं, क्योंकि इनसे परिसंपत्ति वर्ग में भरोसा बढ़ाने में मदद मिलती है।'

## उतार-चढ़ाव से बचाव

अग्रेसिव हाइब्रिड फंड के तहत परिसंपत्ति का 65 से 80 फीसदी आवंटन शेयरों में और शेष बॉन्ड में किया जाता है। आम तौर पर ये फंड अपने इक्विटी पोर्टफोलियो के लिए लार्जकैप शेयरों में अधिक निवेश करने की रणनीति अपनाते हैं। इससे मिडकैप एवं स्मॉलकैप शेयरों में अधिक निवेश वाले पोर्टफोलियो के मुकाबले उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। ब्याज दरों में गिरावट आने पर पोर्टफोलियो के बॉन्ड वाले हिस्से से पूंजीगत लाभ मिलता है। मगर ब्याज दरों में वृद्धि होने पर अल्प अवधि में नुकसान भी हो सकता है।

## 70 फीसदी आवंटन लार्जकैप में

बाजार के जानकारों के अनुसार 'फिलहाल इस श्रेणी में 70 फीसदी से अधिक का आवंटन लार्जकैप शेयरों में किया जाता है। इससे पोर्टफोलियो को स्थिरता मिलती है और उस पर मिडकैप एवं स्मॉलकैप में अधिक आवंटन वाले पोर्टफोलियो के मुकाबले बाजार के उतार-चढ़ाव का कम असर होता है। स्मॉलकैप शेयरों में 5 से 7 फीसदी और बाकी मिडकैप शेयरों में निवेश किया जाता है। इससे फंड के इक्विटी पोर्टफोलियो में मिडकैप एवं स्मॉलकैप से संबंधित जोखिम कम होता है। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर फिलहाल अधिक मूल्यांकन पर कारोबार कर रहे हैं। इसके अलावा डेट वाला हिस्सा पोर्टफोलियो को अधिक स्थिरता प्रदान करता है।'



## लार्जकैप बेहतर

आर्थिक मंदी और कंपनियों के सुस्त मुनाफे जैसी स्थितियों का सामना करने के लिए लार्जकैप शेयर आम तौर पर मिडकैप एवं स्मॉलकैप शेयरों के मुकाबले बेहतर स्थिति में होते हैं। 'वित्त वर्ष 2024 जैसी बाजार परिस्थितियों में हाइब्रिड फंड शुद्ध इक्विटी फंड के मुकाबले कमजोर प्रदर्शन करते हैं। मगर वे लंबी अवधि में जोखिम के बाद भी बेहतर रिटर्न देते हैं क्योंकि बाजार का रुख आम तौर पर चक्रीय होता है। शेयर बाजार में पिछले दो वर्षों के शानदार रिटर्न के बाद 2025 उतार-चढ़ाव वाला वर्ष हो सकता है। ऐसे में हाइब्रिड फंड का प्रदर्शन आम तौर पर बेहतर होता है। इसके अलावा हम उम्मीद करते हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक इस साल दरों में कटौती करेगा। इससे डेट फंड को अधिक रिटर्न देने में मदद मिलेगी क्योंकि बॉन्ड की कीमतों में तेजी आ सकती है।'

## किसे करना चाहिए निवेश?

अग्रेसिव हाइब्रिड फंड उन निवेशकों को आकर्षित करते हैं जो अपेक्षाकृत कम उतार-चढ़ाव के साथ शेयर बाजार में निवेश करना चाहते हैं। 'यह फंड कम जोखिम लेने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त है क्योंकि डेट आवंटन के कारण इसमें उतार-चढ़ाव का जोखिम कम होता है। इसके अलावा यह फंड उन नए निवेशकों के लिए भी उपयुक्त हैं जो शेयर बाजार में अपेक्षाकृत सुरक्षित तरीके से प्रवेश करना चाहते हैं और जिनके वित्तीय लक्ष्य मध्यावधि के लिए हैं।'

## इन बातों का रखें ध्यान

निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो का आकलन करना चाहिए और जोखिम लेने की अपनी क्षमता के अनुरूप फंडों का चयन करना चाहिए। उन्हें निवेश से पहले फंड के पिछले प्रदर्शन पर भी गौर करना करना चाहिए। वैसे तो इन फंडों की रफ्तार अपेक्षाकृत स्थिर होती है, लेकिन कभी-कभी उतार-चढ़ाव का दौर भी दिख सकता है। इसलिए निवेशकों को कम से कम 5 साल के लिए निवेश पर विचार करना चाहिए। इन फंडों में निवेश करने का सबसे प्रभावी तरीका सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) है। 'अग्रेसिव हाइब्रिड फंडों में कम से कम 3 से 5 साल तक निवेश रखना चाहिए। इससे निवेशक को बाजार चक्रों के प्रभावों से निपटने और संतुलित रिटर्न हासिल करने में मदद मिलती है।' उनका सुझाव है कि मध्यम जोखिम लेने वाले निवेशक अपने पोर्टफोलियो का 15 से 25 फीसदी आवंटन इस फंड में कर सकते हैं जबकि कम जोखिम लेने वाले निवेशकों को 10 से 15 फीसदी आवंटन करना चाहिए।

# मल्टी एसेट फंड: बाजार की उथल-पुथल के बीच स्टेबल रिटर्न का दम

■ 1 से 5 साल में मल्टी एसेट फंड की टॉप स्कीम्स ने दिया अच्छा पैसा
■ कम पैसों में डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो बनाने के लिए जाना जाता है
■ इक्विटी फंड्स में हमेशा लॉन्ग टर्म के लिए निवेश करें

जानकारी

बिजनेस डेस्क

बाजार में भारी उथल-पुथल हो तो तमाम निवेशकों के सामने स्टेबल रिटर्न हासिल करने की चुनौती खड़ी हो जाती है। म्यूचुअल फंड्स में पैसे लगाने वाले रिटेल इनवेस्टर्स के सामने भी यही सवाल होता है कि इक्विटी फंड्स के गिरते रिटर्न के बीच उन्हें कहां निवेश करना चाहिए? हालांकि इक्विटी फंड्स में हमेशा लॉन्ग टर्म के लिए निवेश करना चाहिए और शॉर्म टर्म में होने वाली उथल-पुथल से घबराना नहीं चाहिए, लेकिन सच तो यह भी है कि इक्विटी मार्केट के उतार-चढ़ावों को बैलेंस करने के लिए आपके पोर्टफोलियो में डेट से लेकर गोल्ड और सिल्वर तक, दूसरे एसेट क्लास वाले निवेश भी शामिल होने चाहिए। मगर जिन निवेशकों का पोर्टफोलियो इतना बड़ा नहीं होता कि वे इतने सारे अलग-अलग एसेट क्लास में निवेश कर सकें, उनके सामने क्या विकल्प? इस सवाल का जवाब हो सकते हैं मल्टी एसेट एलोकेशन फंड्स के जरिये कम पैसों में ही पोर्टफोलियो को तमाम एसेट क्लास में डायवर्सिफाई किया जा सकता है।

### एक साल में सबसे ज्यादा रिटर्न देने वाले फंड

1. व्हाइटओक कैपिटल मल्टी एसेट एलोकेशन फंड, डायरेक्ट प्लान : 19.66%
2. डीएसपी मल्टी एसेट एलोकेशन फंड, डायरेक्ट प्लान : 17.23%
3. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टी एसेट फंड, डायरेक्ट प्लान : 16.11%
4. निप्पॉन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड, डायरेक्ट प्लान : 15.98 %
5. आदित्य बिड़ला सन लाइफ मल्टी एसेट एलोकेशन फंड, डायरेक्ट प्लान : 15.81%
6. यूटीआई मल्टी एसेट एलोकेशन फंड, डायरेक्ट प्लान : 15.45%
7. बंधन मल्टी एसेट एलोकेशन फंड, डायरेक्ट प्लान : 15.39%
8. एक्सिस मल्टी एसेट एलोकेशन फंड, डायरेक्ट प्लान : 15.10%

**लॉन्ग टर्म रिटर्न :** मल्टी एसेट एलोकेशन फंड्स का लॉन्ग टर्म रिटर्न देखने से पता चलता है कि लंबी अवधि के निवेश के लिए भी यह काफी बेहतर विकल्प हो सकते हैं। टॉप 5 मल्टी एसेट एलोकेशन फंड्स के पिछले 5 साल के रिटर्न के आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं।

### 5 साल में सबसे ज्यादा रिटर्न देने वाले फंड

1. क्वांट मल्टी एसेट फंड, डायरेक्ट प्लान : 27.78 %
2. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टी एसेट फंड, डायरेक्ट प्लान : 21.68%
3. यूटीआई मल्टी एसेट एलोकेशन फंड, डायरेक्ट प्लान : 15.84%
4. एचडीएफसी मल्टी एसेट फंड, डायरेक्ट प्लान : 15.70%
5. एसबीआई मल्टी एसेट एलोकेशन फंड, डायरेक्ट प्लान : 14.39%

**मल्टी एसेट फंड्स की इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजी :** मल्टी एसेट एलोकेशन फंड्स की निवेश रणनीति में निवेशकों को हमेशा स्टेबल और बैलेंस्ड रिटर्न देने पर जोर दिया जाता है। अपने इस मकसद को हासिल करने के लिए ये फंड इक्विटी और डेट के अलावा गोल्ड, सिल्वर, रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स और इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स में भी पैसे लगाते हैं। इक्विटी, डेट और गोल्ड में इनका निवेश कम से कम 10-10% होता है। ऐसी निवेश रणनीति और अल-अलग एसेट क्लास में बंटे पोर्टफोलियो की वजह से ये फंड बाजार में तेज उतार-चढ़ाव के दौरान भी बेहतर रिटर्न देने में सफल होते हैं। साथ ही ये फंड कम रिस्क में बेहतर रिटर्न के लिए बाजार के हालात और ट्रेंड्स को ध्यान में रखते हुए अपने एसेट एलोकेशन में बदलाव भी करते रहते हैं।

### अस्थिरता के दौर में निवेश का बेहतर विकल्प

मल्टी एसेट एलोकेशन फंड्स को उनके डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो की वजह से उतार-चढ़ाव भरे माहौल में निवेश का बेहतर तरीका माना जाता है। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड्स की कैटेगरी में आने वाले इन फंड्स के पोर्टफोलियो में इक्विटी से लेकर डेट और गोल्ड-सिल्वर समेत तमाम अलग-अलग एसेट्स क्लास शामिल होते हैं। यही वजह है कि इनका रिस्क-रिटर् बैलेंस काफी अच्छा रहता है।

### टॉप मल्टी एसेट एलोकेशन फंड्स का 1 साल का रिटर्न

इन दिनों बाजार में देखी जा रही भारी उथल-पुथल के बावजूद कम से कम 8 मल्टी एसेट एलोकेशन फंड्स ऐसे हैं, जिन्होंने 1 साल में 15% से ज्यादा रिटर्न दिया है। इनमें सबसे ज्यादा मुनाफा देने वाले फंड का एक साल का रिटर्न लगभग 20% रहा है। एक हाइब्रिड फंड्स के लिए इतना रिटर्न काफी अच्छा माना जा सकता है। खास तौर पर बाजार में गिरावट के माहौल को देखते हुए यह वाकई बढ़िया प्रदर्शन है।

# पैसिव म्यूचुअल फंड बढ़ रहा बोलबाला एयूएम 24% बढ़कर 11 लाख करोड़ पर

● लगातार निवेशकों की बनते जा रहे हैं पसंद, दे रहे बढ़िया रिटर्न ● इस साल पैसिव फंडों ने मचाया धमाल, दिया कई गुणा मुनाफा ● पैसिव म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी

योजना

बिजनेस डेस्क

तेजी से बढ़ रही म्युचुअल फंड इंडस्ट्री में इस समय पैसिव फंड का बोलबाला है। साल 2024 में इंडेक्स फंड और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड सहित पैसिव फंड के निवेशकों के पोर्टफोलियो यानी खाता संख्या में 37 प्रतिशत की तेजी आई है, जबकि कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट 24% से ज्यादा बढ़कर 11 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। आखिर पैसिव फंड क्या होते हैं, जिनका बोलबाला इतनी तेजी से बढ़ता जा रहा है और निवेशकों को यह फंड क्यों इतने पसंद आ रहे हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, म्यूचुअल फंड हाउसों ने 2024 में कुल 122 नई पैसिव फंड योजनाएं लॉन्च कीं। फंड इंडस्ट्री में सबसे प्रमुख कंपनियों में शामिल निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड के पास अब पैसिव फंडों में 1.46 करोड़ पोर्टफोलियो हैं। इसका कुल एयूएम 1.65 लाख करोड़ रुपये है और ईटीएफ के ट्रेडिंग वॉल्यूम का 55% बड़ा हिस्सा है। कोटक म्यूचुअल फंड, एक्सिस और मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड जैसे अन्य फंड हाउसों ने भी पैसिव फंड में बेहतर वृद्धि दर्ज की है।

### क्यों खास हैं पैसिव फंड

निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड के ईटीएफ प्रमुख अरुण सुंदरेसन कहते हैं कि पैसिव एक दिलचस्प ऑफरिंग बनाता है। फंड बाजार के विभिन्न हिस्सों में शुद्ध एक्सपोजर प्रदान करते हैं, जिससे वे सच्चे, सही लेबल उत्पाद बन जाते हैं। बहुत सारे अनूठे फंड हैं, जो निवेशकों को चुनने के लिए बहुत अलग पोर्टफोलियो और विभिन्न प्रकार के जोखिम-रिटर्न प्रोफाइल प्रदान करते हैं। इनके इसी डाईवर्सिफिकेशन की वजह से निवेशकों को यहां पैसे लगाना कम जोखिम वाला लगता है।

### निवेशकों को समझना आसान

निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड ने साल 2024 में पैसिव कैटेगरी में 8 नए फंड लॉन्च किए। अब उसके पास उद्योग में 24 ईटीएफ और 21 इंडेक्स फंड हैं। इस श्रेणी को चुनने में निवेशकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए अन्य एएमसी ने भी कई पैसिव फंड लॉन्च किए हैं। पैसिव फंडों ने भी निवेशकों को आकर्षित किया है, क्योंकि उनकी लागत संरचना कम होती है और उन्हें समझना आसान होता है, जिससे वे रिटेल और फंड मैनेजर दोनों निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन जाते हैं।



पैसिव फंड निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने और बाजार के व्यापक क्षेत्रों में एक्सपोजर प्राप्त करने का एक लागत प्रभावी तरीका प्रदान करते हैं। भारत में पैसिव म्यूचुअल फंड्स के उदय के साथ, निवेशकों के पास अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने और संभावित रूप से बाजार-मिलान रिटर्न प्राप्त करने के लिए ढेर सारे विकल्प हैं।

APPOINTMENT
(ESTD 1882) GE Road, Raipur (C.G.) - 492013
(A 142 Years old reputed Co-Ed Public School, affiliated to CISCE with campus accommodation)
Preference will be given to candidates who are fluent in English and experience. Apply with full bio-data and photograph to Principal by Post. Contact No. 0771 - 4701061 & 4701059.
Email- bursar.rkc@gmail.com, pscoffice@rkcraipur.edu.in

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरदायी कंपनी)
Contact No (O)-07868-222249

क्र./कार्य.अ./ परियोजना / सामा./1829 कांकेर, दिनांक 14.02.2025

// आवश्यक सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परियोजना संभाग, कांकेर के अंतर्गत कांकेर संभाग में, महामाया राईस मिल के पास टेपिंग होकर प्रस्तावित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जुनवानी (बाबु साल्हेटोला) तक लगभग 3.5 कि.मी. 33 के.व्ही. लाईन का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिसे दिनांक 16/02/2025 को अथवा इसके पश्चात कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है। अतः लाईन से लगे हुए खंभे, स्टे एवं तार आदि पर चढ़ने अथवा छूने का प्रयास न करें, इससे घातक दुर्घटना हो सकती है, जिसके लिए छ.स्टे.पा.ड्रि.कं.लि. उत्तरदायी नहीं होगा।

विवरण इस प्रकार है:-

| क्रमांक | उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित ग्रामों का नाम |
|---|---|---|
| 01 | प्रस्तावित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जुनवानी (बाबु साल्हेटोला) | बाबु साल्हेटोला, बागोड़ तहसील-नरहरपुर जिला - उ.ब. कांकेर |

(शशांक श्रीवास्तव 4401195)
कार्यपालन अभियंता (परियोजना)
छ.स्टे. पा. डि. कं. लिमि. कांकेर

:: PUBLIC SUMMONS ::
IN THE COURT OF HON'BLE 2ND ADD. SENIOR CIVIL JUDGE AT NAVRANGPURA, AHMEDABAD (RURAL).
(BLOCK - A, ROOM NO. 21, OLD HIGH COURT BUILDING, NAVRANGPURA, AHMEDABAD)
SPECIAL SUMMARY SUIT NO. 21/2018
Plaintiff's Advocate -

Plaintiff (s) : M/s Aculife Healthcare Private Ltd.
A Company Incorporated under the Provisions of The Companies Act, 2013
Having its Registered Office at -
Commerce House-V, Besides Vodafone House, Prahladnagar Corporate Road, Ahmedabad-380051
having its Manufacturing Plant at-
Village: Sachana, Taluka Viramgam, Dist-Ahmedabad
through its Authorised signatory
Shri Chinmay Rajesh Vasa
Versus
Defendant (s) : Shriram Enterprise
Through its, Proprietor MR. Mukund Mishra,
having office adress at 615 beside glass godown amanaka, Nr. Sudhir Road Transport, Sundar Nagar Raipur-492001 Chattisgarh, India

Suit Valued at Rs. 8,33,615

WHEREAS you the defendant is hereby informed that the summons for judgement issued by the Hon'ble Court has been returned unserved and your where Abouts are not known hence this notice is published. Hence in the consequences plaintiff advocate has given application vide Exh. 16 and court ordered on it therefore this summons is published.

You the defendants are hereby Summoned to appear in 2ND Additional Sr. Civil Judge, Ahmedabad (Rural), Old highcourt building Navrangpura Block No-A-21 At, Ahmedabad before Hon'ble Judge Shri J.A.BAXI in person or by pleader date 25/02/2025.

If you cause an appearance to be entered for you the plaintiff will thereafter serve upon you the Summons for judgement at the hearing of which you will be entitled to ask the Court for Leave to defend suit.

Leave to defend may be obtained if you satisfy the Court by affidavit or otherwise that there is a defense to that suit on merits or that it is reasonable that you should be allowed to defend suit.

Hence take notice that, in default of your appearance before mentioned herein above the suit will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of the Court this 31 day of January, 2025.

BY ORDER

Prepared by (S.P.JOSHI) Assistant
Checked by (A.M.RAVAL) Superintendent
(H.G.RATHOD) I/C. Registrar Principal Senior Civil Court, At, Navrangpura, Ahmedabad. Ahmedabad (Rural)

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान है?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# चैंपियंस ट्रॉफी जीतने निकली भारतीय टीम, रोहित-कोहली का अंतिम टूर्नामेंट

## टूर्नामेंट का रोमांच फीका बाहर हुए 10 दिग्गज

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत में अब चंद दिन बचे हुए हैं। शुरुआती मुकाबला 19 फरवरी को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में होगा। चैंपियंस ट्रॉफी में विराट कोहली, स्टीव स्मिथ, रोहित शर्मा, जो रूट, बाबर आजम, केन विलियमसन, मोहम्मद शमी, कगिसो रबाडा जैसे धुरंधर भाग लेने जा रहे हैं। इन खिलाड़ियों पर सबकी निगाहें होंगी। हालांकि कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं, जो इस टूर्नामेंट का पार्ट नहीं होंगे। खास बात यह है कि इन खिलाड़ियों को प्रोविजनल स्क्वॉड में सम्मिलित किया गया था, लेकिन चोट या अन्य वजहों के चलते वो चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए। ऐसे में इस टूर्नामेंट का रोमांच थोड़ा फीका हो चुका है। आइए ऐसे 10 खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं...



### जसप्रीत बुमराह : भारत

स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की समस्या के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर गए। भारतीय टीम के लिए ये बहुत बड़ा झटका रहा। पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान बुमराह की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था, जिससे वो रिकवर नहीं कर पाए।

### अल्लाह गजनफर: अफगानिस्तान

'मिस्ट्री स्पिनर' अल्लाह गजनफर रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। गजनफर को पिछले साल दिसंबर में जिम्बाब्वे दौरे के दौरान चोट लग गई थी।



### ऑस्ट्रेलिया के 5 खिलाड़ी बाहर

वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ट्रॉफी में अपने स्टार खिलाड़ियों के बगैर उतरेगी। पैट कमिंस, मिचेल मार्श और जोश हेजलवुड इंजरी के चलते भाग नहीं ले पाएंगे। वहीं मिचेल स्टार्क ने व्यक्तिगत कारणों के चलते टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया। ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने भी अचानक ओडीआई क्रिकेट को अलविदा कह दिया।



### एनरिक नॉर्किया : द.अफ्रीका

तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्किया साउथ अफ्रीकी स्क्वॉड का हिस्सा थे, लेकिन पीठ की तकलीफ के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा। नॉर्किया की जगह गेराल्ड कोएट्जी को स्क्वॉड में शामिल किया जाना था, लेकिन वो भी इंजर्ड हो गए। अंत में ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश की स्क्वॉड में एंट्री हुई।



### जैकब बेथेल: इंग्लैंड

इंग्लैंड के हालिया भारत दौरे के दौरान ऑलराउंडर जैकब बेथेल को हैम्स्ट्रिंग इंजरी हो गई थी। ऐसे में बेथेल का चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में खेलने का सपना टूट गया।

### बेन सियर्स : न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स भी हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए।

### 15 मैच खेलेंगी 8 टीमें

*चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में कुल 15 मुकाबले होंगे। इसमें भाग ले रही 8 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप-ए में हैं। उनके साथ बाकी दो टीमें न्यूजीलैंड और बांग्लादेश हैं। जबकि ग्रुप-बी में साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और इंग्लैंड को रखा गया है। सभी टीमें अपने-अपने ग्रुप में 3-3 मुकाबले खेलेंगी। इसके बाद हर ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। चैंपियंस ट्रॉफी के सभी 15 मुकाबले 4 वेन्यू पर खेले जाएंगे। इसमें 3 वेन्यू पाकिस्तान में होंगे। जबकि एक वेन्यू दुबई रहेगा। टीम इंडिया अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगी।*

---

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय टीम के स्टार क्रिकेटर शनिवार को पाकिस्तान की मेजबानी में हो रहे चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए दुबई रवाना हो गए। पहली बार टीम के सभी खिलाड़ी एक साथ छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे। मुख्य कोच गौतम गंभीर, उप-कप्तान शुभमन गिल और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली सहित टीम के अधिकतर सदस्य टीम बस में हवाई अड्डे पहुंचे। इनमें से कुछ खिलाड़ियों ने कुछ प्रशंसकों को ऑटोग्राफ देकर या हाथ हिलाकर उनका आभार व्यक्त किया।

भारतीय टीम पिछले साल जून में टी20 विश्व कप जीतने के बाद एक और वैश्विक ट्रॉफी हासिल करने की उम्मीदों के बीच आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई के लिए दोपहर की उड़ान में सवार हो गई। भारतीय टीम स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने के लिए गई है। बुमराह चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। भारत लीग चरण में अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा जबकि 23 फरवरी को उसका सामना चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से होगा। भारत अपना आखिरी लीग मैच दो मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा।





### भारतीय टीम का शेड्यूल

| दिनांक | टीमें | स्थान |
|---|---|---|
| 20 फरवरी | भारत/बांग्लादेश | दुबई |
| 23 फरवरी | भारत/ पाकिस्तान | दुबई |
| 2 मार्च | भारत/ न्यूजीलैंड | दुबई |

**ग्रुपवार टीमें**
**ग्रुप ए** - पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश
**ग्रुप बी** - दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड

### युवा खिलाड़ी बिखेरेंगे जलवा

भारतीय टीम में शामिल कुछ युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करके अपनी जगह मजबूत करना चाहेंगे। उप कप्तान गिल अपनी शानदार फॉर्म जारी रखकर उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के चयन समिति के फैसले को सही साबित करना चाहेंगे। चोट के कारण बुमराह की अनुपस्थिति अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा जैसे खिलाड़ियों के लिए यह एक अवसर है, जबकि वरुण चक्रवर्ती साबित करना चाहेंगे कि वह टीम के मारक हथियार हैं।

### फार्म में लौटे रोहित-कोहली

भारत को अगर चैंपियंस ट्रॉफी में टी20 विश्व कप की कहानी दोहरानी है तो उसके दोनों स्टार बल्लेबाज रोहित और कोहली को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। टेस्ट क्रिकेट में विफल रहने के कारण इन दोनों को हाल में आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में इन दोनों ने हालांकि फॉर्म में वापसी करने के संकेत दिए। रोहित ने कटक में खेले गए दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाए जबकि कोहली ने अहमदाबाद में तीसरे वनडे में अर्धशतक लगाया था। चैंपियंस ट्रॉफी में इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति की करीबी नजर रहेगी।

### एक साथ दुबई रवाना हुई टीम

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई रवाना हो चुकी है। सामने आए वीडियो में कप्तान रोहित शर्मा समेत सभी खिलाड़ी नजर आए। इससे पता चलता है कि बीसीसीआई द्वारा जारी किए गए नए नियमों का सख्ती से पालन हो रहा है। मुंबई एयरपोर्ट के वीडियो में सबसे आगे कोच गौतम गंभीर चेक इन के लिए जाते दिखे। उनके पीछे वॉशिंगटन सुंदर, उपकप्तान शुभमन गिल, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा, गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह, श्रेयस अय्यर, बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, एसिस्टेंट कोच रेयान टेन डेशकाटे, मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव और कुछ और स्टाफ नजर आए। फिर रोहित शर्मा भी एक कार से निकलते दिखे और वह फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ दिखे।

---

## गुलवीर ने 3000 मी. इंडोर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा



एजेंसी ▶▶| बोस्टन

हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह ने सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए बोस्टन में बीयू डेविड हेमेरी वेलेंटाइन इंविटेशनल टूर्नामेंट में पुरुषों का 3000 मीटर इंडोर रेस का 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।

सेना के 26 वर्ष के धावक ने सात मिनट 38.26 सेकंड का समय निकाला। उन्होंने सुरेंदर सिंह का 2008 में बनाया सात मिनट 49.47 सेकंड का रिकॉर्ड तोड़ा। सुरेंदर अब कोच हैं। गुलवीर की नजरें अब विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों के 10000 मीटर के लिए क्वालीफाई करने पर लगी है जिसमें 27 मिनट प्रवेश मार्क है। उन्होंने एशियाई खेलों में 10000 मीटर में कांस्य पदक जीता था।



## महिला प्रो लीग | भारत ने इंग्लैंड को हराकर किया अभियान का आगाज



एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान का आगाज ऊंची रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम के खिलाफ शनिवार को कलिंगा स्टेडियम पर 3-2 से जीत के साथ किया। भारत के दो गोल पेनल्टी कॉर्नर पर वैष्णवी फाल्के ने छठे और दीपिका ने 25वें मिनट में किए जबकि नवनीत कौर ने आखिरी सीटी बजने से एक मिनट बाकी रहते विजयी गोल दागा।

इंग्लैंड के लिए डार्सी बूर्ने ने 12वें मिनट में बराबरी का गोल किया जबकि फियोन क्रेकल्स ने 58वें मिनट में फिर बराबरी का गोल दागा। वैष्णवी ने एफआईएच रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज भारत के लिए पहला गोल किया।

### स्पेन ने भारत को 3-1 से हराया

स्पेन ने पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक मैच में मिली हार का बदला चुकता करते हुए भारत को एफआईएच पुरुष प्रो लीग मैच में शनिवार को 3-1 से हरा दिया। सत्र के पहले प्रो लीग मैच में भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। स्पेन के लिए बोर्जा लाकाले (28वां मिनट), इग्नाशियो कोबोस (38वां) और बूनो अविला (56वां मिनट) ने गोल दागे। भारत के लिए एकमात्र गोल 25वें मिनट में सुखजीत सिंह ने किया।

---

### खबर संक्षेप



#### राणा हाई परफॉर्मेंस और जीतू 10 मीटर एयर पिस्टल के कोच

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने दिग्गज निशानेबाज जसपाल राणा को शनिवार को 25 मीटर पिस्टल का हाई परफार्मेंस कोच नियुक्त किया जबकि जीतू राय को 10 मीटर एयर पिस्टल का कोच बनाया गया है। देश में निशानेबाजी की सर्वोच्च खेल संस्था एनआरएआई ने यहां कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में अपनी शासी निकाय की बैठक के दौरान कई पूर्व निशानेबाजों को राष्ट्रीय टीम के कोच के रूप में नियुक्त किया। हाल में द्रोणाचार्य पुरस्कार पाने वाली दीपाली देशपांडे को मुख्य कोच (राइफल) के रूप में भी नियुक्त किया गया है।
कुल मिलाकर कोचिंग टीम में 16 नए सदस्य नियुक्त किए गए हैं जबकि 19 सदस्यों को बरकरार रखा गया है।

## दिल्ली कैपिटल्स ने रोमांचक मैच में आखिरी गेंद पर इंडियंस को हराया



एजेंसी ▶▶| वड़ोदरा

दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के संयमित प्रदर्शन के दम पर महिला प्रीमियर लीग के रोमांचक मैच में शनिवार को मुंबई इंडियंस को आखिरी गेंद पर दो विकेट से हराया। पहले क्षेत्ररक्षण चुनते हुए दिल्ली ने मुंबई इंडियंस को 19.1 ओवर में 164 रन पर रोक दिया।

मुंबई के लिए नेट स्किवेर ब्रंट ने नाबाद 80 और हरमनप्रीत कौर ने 22 गेंद में 42 रन बनाए। जवाब में शेफाली वर्मा ने 18 गेंद में 43 रन बनाकर दिल्ली को आक्रामक शुरुआत दी और 60 रन तक दिल्ली ने कोई विकेट नहीं गंवाया लेकिन 16 रन के भीतर चार विकेट गंवा दिए। इसके बाद मुंबई इंडियंस ने मैच में वापसी की और लगभग जीत के करीब पहुंच ही गई थी। एलिसे कैपसी (16), अनाबेल सदरलैंड (13) और सारा ब्राइस (21) टिक नहीं सकी लेकिन निकी प्रसाद ने नाबाद 27 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। दिल्ली को आखिरी 12 गेंद में 21 रन चाहिए थे और उसके चार विकेट सुरक्षित थे। नौवे नंबर की बल्लेबाज राधा यादव ने छक्का जड़ दिया और निकी ने चौका लगाया लेकिन पांचवीं गेंद पर आउट हो गई। अरुंधति यादव ने आखिरी गेंद पर दो रन लेकर जीत दिलाई।

## आईपीएल 2025 : कोलकाता और बेंगलुरु के बीच होगा पहला मैच

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च को मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डंस पर मैच से होगा जबकि फाइनल भी 25 मई को इसी मैदान पर खेला जाएगा। एजेंसी को पता चला है कि इस साल भी धर्मशाला और गुवाहाटी में आईपीएल के कुछ मैच होंगे। मुल्लांपुर के बाद धर्मशाला पंजाब किंग्स का दूसरा घरेलू मैदान है जबकि राजस्थान रॉयल्स जयपुर के अलावा गुवाहाटी में भी मैच खेलती है। बीसीसीआई ने अभी कार्यक्रम जारी नहीं किया है लेकिन अगले सप्ताह की शुरुआत में पूरा कार्यक्रम आने की उम्मीद है। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2025 में अपने अभियान का आगाज 23 मार्च को एमए चिदंबरम स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ करेगी।

## शीर्ष रैंकिंग वाले सिनेर पर लगा 3 महीने का प्रतिबंध

**लंदन।** शीर्ष रैंकिंग वाले टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनेर ने डोप टेस्ट के दो पॉजीटिव मामलों को लेकर विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी से समझौते के तहत तीन महीने का प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है। वाडा ने पिछले साल सिनेर पर प्रतिबंध नहीं लगाने के इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी के फैसले को चुनौती दी थी। वाडा पिछले साल सिनेर पर कम से कम एक साल का प्रतिबंध लगाना चाहती थी। सिनेर के शरीर में पिछले साल मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरायड क्लोस्टेबोल के अंश पाए गए थे। सिनेर ने कहा था कि एक ट्रेनर से मालिश के दौरान यह अंश उनके शरीर में आ गए क्योंकि उसने अपनी ऊंगली कटने के बाद इस पदार्थ का इस्तेमाल किया था। जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाला इटली का यह खिलाड़ी अगला ग्रैंडस्लैम खेल सकेगा। फ्रेंच ओपन 25 मई से शुरू होगा। सिनेर ने एक बयान में कहा, 'यह मामला एक साल से लटक रहा था और प्रक्रिया इतनी लंबी है कि फैसला साल के आखिर में ही आता। मैंने हमेशा स्वीकार किया है कि मेरी टीम के लिए मैं जिम्मेदार हूं और मुझे लगता है कि खेल की सुरक्षा के लिए वाडा के कड़े नियम जरूरी हैं।

### सलामी अंग्रेज बल्लेबाज बेन डकेट फिट घोषित

**लंदन।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फिट घोषित हो गए हैं। डकेट को भारत के खिलाफ अहमदाबाद में बुधवार को आखिरी वनडे के दौरान फील्डिंग करते हुए ग्रोइन में चोट लगी थी। उनका स्कैन कराया गया जिससे पता चला कि चोट गंभीर नहीं है।

## इमामुरा और नोगुची ने जीता दिल्ली ओपन

नई दिल्ली। जापान के गैर वरीय मासामिची इमामूरा और रियो नोगुची की जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त निकी पूनाचा और कर्टनी जॉन को 6-4, 6-3 से हराकर दिल्ली ओपन युगल टेनिस खिताब जीता। दिल्ली ओपन 2025 एटीपी चैलेंजर 75 टूर्नामेंट है जो हार्डकोर्ट पर खेला जाता है और इसकी ईनामी राशि एक लाख डॉलर है। एकल वर्ग में विजेता को 75 एटीपी अंक भी मिलते हैं। एकल में फ्रांस के काइरियान जैकेट ने शीर्ष वरीयता प्राप्त विट कोप्रिवा को हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के बिली हैरिस से होगा जिन्होंने ट्रिस्टन स्कूलबेट को हराया।

[illegible]

---

### ग्रुप बी आकलन : इंग्लैंड और अफगानिस्तान से मिलेगी कड़ी चुनौती

## ऑस्ट्रेलिया और द.अफ्रीका सेमीफाइनल के दावेदार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

ऑस्ट्रेलिया अपने प्रमुख तेज गेंदबाजों के बिना 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में उतरेगा लेकिन आईसीसी की प्रतियोगिताओं में उसका शानदार रिकॉर्ड उसे दक्षिण अफ्रीका के साथ ग्रुप बी से सेमीफाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार बनाता है। इन दोनों टीमों को हालांकि इंग्लैंड और अफगानिस्तान से कड़ी चुनौती मिलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप बी में शामिल टीमों का आकलन इस प्रकार है।

### ऑस्ट्रेलिया

**मजबूत पक्ष :** ऑस्ट्रेलिया बड़ी प्रतियोगिताओं के दबाव से निपटना अच्छी तरह जानता है और यही कारण है कि उसके नाम पर वनडे विश्व कप में छह, टी20 विश्व कप में एक और चैंपियंस ट्रॉफी में दो खिताब दर्ज हैं। यही वजह है कि उसे सीमित ओवरों की क्रिकेट की सबसे खतरनाक टीम माना जाता है। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी बेहद मजबूत है। कप्तान स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, जेक-फ्रेजर मैकगर्क, मार्नस लाबुशैन, ग्लेन मैक्सवेल जैसे बल्लेबाज किसी भी परिस्थिति में मैच का पासा पलटने में सक्षम हैं।

**कमजोर पक्ष :** ऑस्ट्रेलिया अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क के बिना खेलेगा जिससे उसका आक्रमण कमजोर हो गया है। ऐसी स्थिति में उसके बल्लेबाजों को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी।



### इंग्लैंड

**मजबूत पक्ष :** इंग्लैंड के पास कई धुरंधर बल्लेबाज हैं। अगर जोस बटलर, फिल साल्ट, हैरी ब्रूक, जो रूट और लियाम लिविंगस्टोन जैसे बल्लेबाज एकजुट होकर प्रदर्शन करते हैं, तो यह गेंदबाजों के लिए बुरे सपने की तरह हो सकता है। लेग स्पिनर आदिल रशीद ने हाल में भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था। चैंपियंस ट्रॉफी में भी धीमी गति के गेंदबाजों को मदद मिलने की संभावना है और ऐसे में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

**कमजोर पक्ष :** इंग्लैंड के बल्लेबाज हाल में भारत के खिलाफ स्पिनरों के सामने जूझते हुए नजर आए। इंग्लैंड ने तीन मैच की श्रृंखला में सभी मैच गंवाए। रूट और बटलर को छोड़कर उसका कोई भी बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजों के सामने सहज नजर नहीं आया।

### दक्षिण अफ्रीका

**मजबूत पक्ष :** भारत की तरह दक्षिण अफ्रीका के पास भी विविधता पूर्ण खिलाड़ी हैं। उसके पास टेम्बा बावुमा और एडेन मार्करम जैसे पारी संवारने वाले तथा हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। उसके पास तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और स्पिनर केशव महाराज के नेतृत्व में एक संतुलित गेंदबाजी इकाई है। उन्हें परिस्थितियों से निपटने में सक्षम होना चाहिए।

**कमजोर पक्ष :** दक्षिण अफ्रीका मजबूत टीम होने के बावजूद हाल में पाकिस्तान से महत्वपूर्ण मैच में हारने के कारण त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में जगह नहीं बना पाया था। वह पहले भी कई अवसरों पर महत्वपूर्ण मैच जीतने में नाकाम रहा है। इसके अलावा उसे तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की कमी भी खलेगी जो चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

## तरकश

संजय के. दीक्षित

### हिन्दुत्व की इंट्री!

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के नतीजों ने चौंकाया ही था, नगरीय निकाय के परिणाम ने लोगों को स्तब्ध कर दिया है। बात महज सीटों की नहीं, जीतने वाली पार्टी का वोट शेयर और मार्जिन कभी ऐसा नहीं रहा। रायपुर में मुस्लिम बहुत इलाके से एजाज ढेबर जैसे नेता को पराजय का सामना करना पड़ा। तो मीनल चौबे को 1.53 लाख की ऐतिहासिक लीड मिली। बिलासपुर में ओबीसी को छोड़ दें तो भी मुस्लिम, क्रिश्चियन और दलितों के 40 हजार वोट निर्णायक हैं। कांग्रेस के प्रमोद नायक का चेहरा अपेक्षाकृत ज्यादा वजनदार और सौम्य था। उसके बाद भी पूजा विधानी 66 हजार मतों से जीत गई। अंबिकापुर में डॉ. अजय तिर्की की लोकप्रियता ऐसी कि कांग्रेस को छोड़िए, बीजेपी भी मान रही थी कि उन्हें 10 में से नौ सीटें मिल रही हैं। याने डॉ. तिर्की की हैट्रिक में भाजपा को भी कोई संशय नहीं दिख रहा था। मगर तिर्की को भी हार का मुंह देखना पड़ा। रायगढ़ में चाय बेचने वाले जीवर्द्धन चौहान 61 परसेंट वोट शेयर के साथ चमकदार जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। कांकेर में 50 साल और आरंग में 25 साल से बीजेपी जीत के लिए तरस रही थी, इस चुनाव में ये दोनों नगरपालिका भी कांग्रेस के हाथ से निकल गई। हालांकि, इससे कोई इंकार नहीं कि लोकल इलेक्शन में रुलिंग पार्टी को फायदा मिलता है। बीजेपी का टिकिट वितरण और मैनेजमेंट भी बहुत बढ़िया रहा। नेताओं ने ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। फिर भी....बिना किसी करंट के ऐसे नतीजे नहीं आते। और आज के दौर में ऐसे करंट जाति और धर्म के बिना मुमकिन नहीं। छत्तीसगढ़ में जाति की राजनीति कभी परवान नहीं चढ़ सकी। लोगों ने इसे 2003 के विधानसभा चुनाव में भी देखा और 2023 में। मगर विधानसभा के बाद लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव के नतीजों से लगता है छत्तीसगढ़ में दबें पांव हिन्दुत्व की इंट्री हो गई है।

### मंत्रिमंडल का विस्तार

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव निबटने के साथ ही विष्णुदेव कैबिनेट विस्तार का जिन्न फिर बाहर आने लगा है। चुनाव के दौरान भी बीजेपी के अंदर इस पर बातें हो रही थी कि विधानसभा के बजट सत्र से पहले या उस दौरान भी नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जा सकती है। वैसे कोई ऐसा नियम भी नहीं है कि सत्र के दौरान कोई बडा काम नहीं हो सकता। बहरहाल, कैबिनेट विस्तार सत्र से पहले हो या बाद में, इतना जरूर है कि नगरीय निकाय चुनाव के ऐतिहासिक नतीजों से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजनीतिक तौर पर काफी स्ट्रांग हो गए हैं। याने अब उनके पंसदीदा मंत्रियों के शपथ लेने में कोई संशय नहीं।

### दो एक्स एमएलए

नगरीय निकाय चुनाव में इस बार बीजेपी ने एक और कांग्रेस ने दो डॉक्टरों को चुनाव मैदान में उतारा था। इनमें दो पूर्व विधायक थे। बीजेपी ने पूर्व विधायक और महासमुंद नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विमल चोपड़ा को खडा किया था। वहीं कांग्रेस ने पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल को चिरमिरी से और डॉ. अजय तिर्की को अंबिकापुर से टिकिट दिया था। तीनों डॉक्टर चुनाव हार गए। चिरमिरी और अंबिकापुर में अपने प्रत्याशी को जीताने के लिए चरणदास महंत का यह बयान भी काम नहीं आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगला विधानसभा चुनाव महराज याने टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में होगा।

### कांग्रेस का प्रत्याशी चयन

नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी को शर्मनाक हार का मुंह देखना पड़ा तो इसकी एक अहम वजह प्रत्याशी चयन भी रही। एक तो टिकिट फायनल करने में पार्टी ने काफी देर लगा दी, उपर से गुटीय लड़ाई आखिरी दौर तक जारी रही। 27 जनवरी को नामंकन का आखिरी दिन था और 26 जनवरी की शाम तक कांग्रेस में शह-मात का खेल चल रहा था। कांग्रेस के लोग भी स्वीकार करते हैं कि बिलासपुर और अंबिकापुर जैसे दो-एक नगर निगमों को छोड़ दें कांग्रेस ने ठीकठाक चेहरों को मैदान में उतारा नहीं। रायपुर में पांच साल महापौर और पांच साल सभापति रहे प्रमोद दुबे की पत्नी को टिकिट दे डाला, वहीं चिरमिरी में डॉ. विनय जायसवाल को। पांच साल विधायक रहने के कारण उनकी एंटीइम्बेंसी थी ही, उनकी पत्नी चिरमिरी की महापौर रहीं। याने एक और एक ग्यारह हो गया। अपने लोगों को टिकिट देने के चक्कर में कांग्रेस नेताओं ने ऐसी गल्तियां कई जगहों पर की।

### हर शाख पे उल्लू बैठे हैं...

शौक बहराइच का शेर...हर शाख पे उल्लू बैठे हैं, अंजाम ऐ गुलिस्तां क्या होगा...छत्तीसगढ़ के संदर्भ में एकदम सटीक बैठता है। छत्तीसगढ़ के जिस विभाग में हाथ डाल दीजिए, कोई-न-कोई स्कैम निकल आएगा। पीएससी परीक्षा से लेकर सीजीएमससी, आरआई परीक्षा, आयुष्मान योजना, पाठ्य पुस्तक निगम, पुलिस भर्ती, फॉरेस्ट गार्ड भर्ती, कालोनाईजर स्कैम...याने जिधर नजर डालिये, उधर स्कैम। सरकार भी परेशान और एसीबी भी हलाकान। लोग भी हैरान...हमर छत्तीसगढ़ को किसकी नजर लग गई, जिसको मौका मिला, वो लूटने से चूक नहीं रहा। सूरजपुर के डीईओ को देखिए रिटायरमेंट से 14 दिन पहले एक लाख रिश्वत लेते ट्रेप हो गया।

### साल में 40 खोखा

पाठ्य पुस्तक निगम का कबाड़ घोटाला इस समय खूब चर्चा में है। दरअसल, यह निगम शुरू से बदनाम रहा है। इसमें सब कुछ फिक्स रहता है। साल में दो बार खेल होगा और इतना बड़ा कि उसके बाद कुछ करने की जरूरत नहीं। पहला कागजों के टेंडर में। 12 लाख मीट्रिक टन कागज खरीदी में कागजों के जीएसएम और ब्राइटनेंस का बड़ा रोल होता है। दो परसेंट जीएसएम और ब्राइटनेस कम हो गया तो 10 करोड़ का खेल हो गया। इसी तरह बाजार से चार गुने रेट पर किताबों को छापने का टेंडर किया जाता है। उसमें 15 से 20 खोखा का जुगाड़। फिर हर साल 10 से 15 लाख किताबों कागजों में छपवाई जाती है। कुल मिलाकर पापुनि में 40 खोखा का काम हो जाता है। तभी तो वहां का एक जीएम सरकार से लड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया।

### कलेक्टरों का ट्रांसफर

नगरीय और पंचायत चुनाव की आचार संहिता खतम होने से एक रोज पहले इस बार विधानसभा का बजट सत्र प्रारंभ हो जाएगा। उधर, कलेक्टरों को बदला जाना भी अपरिहार्य हो गया है। धमतरी और दुर्ग की दोनों महतारी कलेक्टर दिल्ली डेपुटेशन पर जा रही हैं। जाहिर है, पंचायत चुनाव के बाद उन्हें रिलीव किया जाएगा। यद्यपि, एक मिथक बना हुआ है कि विधानसभा सत्र के दौरान अफसरों के ट्रांसफर नहीं किए जाते। मगर रमन सिंह की सरकार ने तीसरी पारी में दो बार इस मिथक को तोड़ लोगों को चौंका दिया था। वैसे, विधानसभा की सत्र से कलेक्टरों को कोई वास्ता भी नहीं होता। प्रश्नों के जवाब नीचे का स्टाफ बनाता है...वह कलेक्टर कोई भी रहे सिस्टम अपना काम करता है। ऐसे में, इस बार विधानसभा सत्र के दौरान ही कलेक्टरों की लिस्ट निकलेगी, इसमें कोई संशय नहीं है।

### हाजिरी 90 परसेंट, बट...

सरकार अगर चाह ले तो कुछ भी संभव है। मंत्रालय में सरकार ने टाईमिंग को लेकर मजबूत इच्छा शक्ति दिखाई, उसकी नतीजा यह हुआ कि उपर से लेकर नीचे के 80 परसेंट अफसर टाईम पर आने लगे हैं। अलबत्ता, कई तो 10 बजे से पहले महानदी भवन पहुंच जा रहे। दरअसल, सिस्टम मैसेज से चलता है। मुख्यमंत्री ने एक जनवरी को अफसरों की टाईमिंग को लेकर खरी-खरी बात की। उसके बाद सीएम सचिवालय हरकत में आया। पीएस टू सीएम ने आईएएस ग्रुपों में मैसेज किया...अनौपचारिक मैसेज यह भी हुआ कि सीएम सचिवालय अफसरों के अटेंडेंस की मानिटरिंग कर रहा है। हालांकि, मानिटरिंग हो भी रही है। रोज दोपहर दो बजे हाजिरी चार्ट सीएम सचिवालय के एक अफसर के पास पहुंच जाता है। चार्ट में कोई बड़ा-छोटा नहीं...चीफ सिकरेट्री से लेकर सीएम सचिवालय तक के अफसरों का टाईम दर्ज किया जाता है। मगर बता दें, यह सुधार अभी नया रायपुर तक सीमित है। जिलों में वही पुराना ढर्रा चल रहा है। सीएम सचिवालय और जीएड को कलेक्टरों को टाईट करना पड़ेगा, तभी जिलों का वर्किंग कल्चर बदलेगा।

### अंत में दो सवाल आपसे

1. क्या ये सही है कि सीजीएमएससी की गंगा में डूबकी लगाने के लिए एक ब्यूरोक्रेट्स ने पार्टनरशीप में रायपुर से 50 किलोमीटर दूर दवाई की फैक्ट्री खोल ली है?
2. क्या टीएस सिंहदेव को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाने का आदेश जल्द निकलने वाला है?

## पत्नी की हत्या कर फरार आरोपी पति को पालानार के जंगल से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पत्नी के साथ मामूली विवाद के बाद पति ने उसकी गला दबाकर तथा सिर में पत्थर से हमला कर हत्या कर दी। मामला कोड़ेनार थाना क्षेत्र के ग्राम पालानार पुजारीपारा का है। हत्या के बाद फरार आरोपी को जंगल से घेराबंदी कर पकड़ा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण सिंह पोटाई के मार्गदर्शन व टीआई मोहम्मद तारिक हरीश के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीआई ने बताया कि प्रार्थी आयतु पोयाम 58 वर्ष निवासी पालानार पुजारीपारा ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बहु कमला पोयाम व बेटा रामलाल पोयाम 12 फरवरी की सुबह 4 बजे से आपस में वाद-विवाद कर घर से चले गये थे। पतासाजी करने पर बहु कमला पोयाम का शव सोमडू के खेत नाला पानी में मिला है। रिपोर्ट पर धारा 194 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर शव को पीएम के लिए रवाना किया गया था। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतिका के मृत्यु गला दबाने से एंव सिर में गम्भीर चोट आने से तथा मृत्यु हत्यात्मक होना बताया गया। हत्या की पुष्टि होने के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी।

इसी दौरान आरोपी के कुम्हारसाडरा एंव पालानार के बीच जंगल में होने की जानकारी मिली जिसे तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी पति रामलाल पोयाम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

## विस्फोटक और पर्चे जब्त नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा।** मुखबिर की सूचना पर चिंतलनार थाना क्षेत्र के मल्लेवागू नाला के पास पुलिस ने एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली पोडियामी भीमा के पास से विस्फोटक सामग्री और नक्सली पर्चा बरामद हुआ है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चिंतलनार थाना से जिला बल की पार्टी ग्राम नरसापुरम व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। पुलिस ने घेराबंदी कर 1 संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। वहीं 4 संदिग्ध व्यक्ति जंगल-झाड़ी व नाला का आड़ लेकर भागने में कामयाब हो गए। पूछताछ करने पर अपना नाम पोडियामी भीमा बताया और नक्सल संगठन में सुरपनगुड़ा आरपीसी जनताना सरकार उपाध्यक्ष के पद पर कार्य करना स्वीकार किया। गिरफ्तार नक्सली के कब्जे से 4 जिलेटिन रॉड एवं 1 कोर्डेक्स वायर और 4 नक्सली पर्चा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस जवानों को जान से मारने तथा नक्सली पर्चा को आस-पास के गांव में बांटते हुए प्रचार-प्रसार करने की बात स्वीकार की।

## बम विस्फोट में घायल जवान रायपुर रेफर

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के नम्बी से कोबरा 202 बटालियन की टीम एरिया डॉमिनेशन के लिए निकली थी। तभी नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए प्रेशर आईईडी ब्लास्ट होने से एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को जिला मुख्यालय बीजापुर में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक कोबरा बटालियन की टीम एरिया डॉमिनेशल के लिए निकली हुई थी। इसी दौरान आईईडी की चपेट में आने से कोबरा 202 के आरक्षक अरूण कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी जवानों द्वारा उसे तत्काल घटनास्थल से निकालकर जिला अस्पताल बीजापुर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया। घायल जवान की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में सर्चिंग तेज कर दी गई है।

## सरायपाली, कोमाखान में गांजा जब्त, चार लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले की सरायपाली पुलिस ने गांजा ले जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 4 लाख रुपए का 7.920 किलो गांजा जब्त किया गया है। मामले में एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई है।



पुलिस ने एफआईआर को लेकर बताया कि पदमपुर की ओर से एक्टिवा में दो व्यक्तियों द्वारा गांजा लेकर सरायपाली की ओर आने की सूचना मिली थी। जब स्कूटी में सवार होकर दोनों लोग आए तब रोककर पुलिस ने पूछताछ की। जिस पर स्कूटी चालक ने अपना नाम अवध बिहारी लाल श्रीवास्तव उम्र एबी श्रीवास्तव पिता चंद्र दीप लाल श्रीवास्तव (48 साल) अशोक नगर थाना गुढियारी रायपुर एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम कमलेश्वर यादव पिता कृष्णा यादव (42 वर्ष) केबिनपारा वार्ड नं 05 भनपुरी थाना खमतराई जिला रायपुर का रहने वाला बताया।

आरोपियों की बैग की तलाशी लेने पर उसमें 4 गांजा के पैकेटों में 7.920 किलो ग्राम गांजा कीमत 4,00,000 रुपए बरामद किया गया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीके 3338 कीमत 50000 रुपए, मोबाइल कुल 4,57,000 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। गांजा परिवहन कर रहे युवकों पर कोमाखान पुलिस की कार्रवाई

इधर कोमाखान पुलिस ने दो युवकों के कब्जे से 3 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया मुखबीर से सूचना मिली थी कि 2 लोग एक काले रंग की मोटर सायकल सीजी 04 एनआर 6964 मे सवार होकर अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिए ओडिशा से महासमुंद की ओर आ रहे हैं । इसके बाद बाद टेमरी नाका पहुंच कर घेराबंदी की गई। कुछ देर में वहां बाइक में सवार युवक आए। जिन्हें रोककर पूछताछ की गई।




# MATS UNIVERSITY

NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY

## CHHATTISGARH'S FIRST AND ONLY PRIVATE UNIVERSITY ACCREDITED WITH AN A+ GRADE BY NAAC

## *Heartfelt Congratulations!*

We proudly celebrate our achievement of NAAC A+ Accreditation, a testament to the unwavering commitment, dedication, and excellence of our




faculty, students, staff, alumni, and valued stakeholders. This milestone reaffirms our pursuit of academic brilliance and innovation.



## *Best Wishes to Future Achievers!*

MATS University extends its best wishes to all students appearing for various Board Examinations and Competitive Examinations. May your hard work, perseverance, and determination lead you to success. Keep striving for excellence!

# ADMISSIONS OPEN FOR THE SESSION 2025-26

Join a university that nurtures talent, fosters creativity, and shapes future leaders. Secure your place at MATS University and embark on a journey of knowledge, research, and holistic development.

**School of Engineering**
M.Tech.
B.Tech.
Diploma
Admission Help Line : 7389356989, 9109951182

**School of Management**
M.B.A.
B.B.A. (Hons.)
Admission Help Line : 9109913111

**School of Information Technology**
M.C.A.
M.Sc. (CS)
P.G.D.C.A.
B.Sc. Animation & Graphic Deisgning
B.C.A.
D.C.A.
Admission Help Line : 9109951181

**School of Sciences**
M.Sc.
Microbiology/ Chemistry/ Botany/ Zoology Mathematics/ Forensic Science
B.Sc.
Biotechnology/ Microbiology/ Forensic Science CBZ/ PCM
Diploma (Forensic Science & Criminology)
Admission Help Line : 9109991032

**Law School**
LL.M.
B.A. LL.B.
LL.B.
Admission Help Line : 9109997900

**School of Business Studies**
M.Com.
B.Com. (Hons.)
Admission Help Line : 7389376989

**School of Fashion Designing & Technology**
M.Design
B.Sc. (Hons.)
Admission Help Line : 9109951183

**School of Library & Information Science**
M.Lib.I.Sc.
B.Lib.I.Sc.
Admission Help Line : 9109991031

**School of Physical Education**
M.A. Yoga
B.P.Ed.
P.G.D.Y.Ed.
Admission Help Line : 9755199381

**School of Education**
M.A. - Education
B.Ed.
Admission Help Line : 9109951184

**School of Pharmacy**
B.Pharmacy
D.Pharmacy
Admission Help Line : 9755199381

**School of Arts & Humanities**
**Department of Psychology**
M.Sc. Psychology
P.G.D.G.C.
B.Sc. (Hons.) Psychology
Admission Help Line : 7471180268

**Department of Hindi**
M.A.
B.A. (Hons.)
Diploma
Admission Help Line : 7880001773

**Department of English**
M.A.
B.A. (Hons.)
Admission Help Line : 9752942949

**Department of Social Work**
B.S.W.
M.S.W.
Admission Help Line : 9109994500

## Ph.D. Entrance Exam Notification

It is hereby notified that the Ph.D. Entrance Exam for March 2025 shall be conducted on 01st March, 2025 for the subjects as mentioned below:

**Ph.D. Programs**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Chemistry<br>Biotechnology<br>Microbiology<br>Biochemistry | Bio Science<br>Computer Science and Application (IT)<br>Management | English<br>Hindi<br>Psychology<br>Social Work | Library & Info. Science<br>Law<br>Education<br>Commerce | Engineering (Mechanical/ CSE / Electrical Engineering. / Electronics Engineering. | Applied Geology / Civil<br>Mathematics<br>Physical Education<br>Yoga |

For Registration and Information please visit www.matsuniversity.ac.in or call +91 93002 09515 / 0771-4078995

EXAMINATION CENTER
Raipur Campus, MATS Tower, Pandri, Raipur - 492 004

Date of Examination : 01-03-2025
Time of Written Examination : 11:00A.M. to 1:00 P.M.
Time of Interview : 2-00 P.M. to 5-00 P.M.

**ACCREDITATION & AFFILIATION**
UGC AIU CGPURC AICTE NCTE BCI NAAC PCI

FOR DETAILS CALL : 1800 123 819999

**ADMISSION OFFICE** : RAIPUR CAMPUS, MATS TOWER, PANDRI, RAIPUR, CG, 492 004
**UNIVERSITY CAMPUS** : AARANG KHARORA HIGHWAY, AARANG, RAIPUR, CG, 493 441
**Tel :** 0771 4078995, 96, 98 **Mob:** 9109951184, 9755199381, 9109994500 **Email :** admissions@matsuniversity.ac.in


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com